www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**
अधिकतम तापमान 31.c
28.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 98.935g
चांदी 106,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 ट्रंप पर भरोसा करने से बचे भारत, अमेरिकी राष्ट्रपति के रवैये से बिगड़ सकते हैं दोनों देश के संबंध
बिजली के जर्जर तारों से व्यापारियों में आक्रोश 04

वर्ष :08 | अंक :351 | मुंबई ,गुरूवार , 12 जून 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### असम में सोशल मीडिया पर हिंदू विरोधी पोस्ट करने के आरोप में दो और गिरफ्तार

असम में हिंदू विरोधी तत्व होने के आरोप में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अप्रैल में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद इस तरह के आरोप में अब तक 92 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने सोशल मीडिया पर कथित तौर पर सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील पोस्ट करने के आरोप में लखीमपुर से सबिकुल इस्लाम और भगवान कृष्ण एवं रुक्मिणी पर अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में दुलाल बोरा को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया, हिंदू विरोधी तत्वों को पकड़ा गया। कार्रवाई जारी है... कुल 92 अपराधी सलाखों के पीछे हैं। उन्होंने पहले कहा था कि देशद्रोहियों पर राज्यव्यापी कार्रवाई जारी रहेगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### दिग्विजि सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह के खिलाफ कांग्रेस का बड़ा ऐक्शन, 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित

कांग्रेस ने बुधवार को राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह को राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी करने के लिए छह साल के लिए प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया। प्रेस विज्ञप्ति में पार्टी ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से कांग्रेस से निकाल दिया गया है। कांग्रेस की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति के सदस्य सचिव तारिक अनवर ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह को उनकी पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण तत्काल प्रभाव से छह साल की अवधि के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है।हालाँकि, पार्टी ने अपने आधिकारिक बयान में उन पार्टी विरोधी गतिविधियों के बारे में स्पष्ट नहीं किया जिनके लिए लक्ष्मण सिंह को निष्कासित किया गया। यह घटनाक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की अनुशासन समिति द्वारा पूर्व विधायक और पांच बार सांसद रह चुके सिंह को पार्टी से निष्कासित करने की सिफारिश के बाद सामने आया है। समिति ने कहा कि नेतृत्व के खिलाफ उनके बार-बार सार्वजनिक बयानों से पार्टी की छवि खराब हुई है।पिछले महीने लक्ष्मण सिंह को कारण बताओ नोटिस भेजा गया था, क्योंकि उन्होंने कथित तौर पर सवाल उठाया था कि पार्टी को रॉबर्ट वाड्रा और राहुल गांधी दोनों की अपरिपक्वता से कब तक निपटना होगा। पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर लक्ष्मण सिंह ने अपनी पार्टी के भीतर एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया था,

# मोदी ने 11 साल में 33 गलतियां की, मैंने अब तक ऐसा पीएम नहीं देखा: खड़गे

## किसी प्रधानमंत्री को इतना झूठ बोलते और लोगों को धोखा देते नहीं देखा

**खड़गे ने कहा**

▶▶मोदी पर वार करते हुए खड़गे ने आगे कहा कि उन्होंने पिछली सरकार (उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल परियोजना में) के योगदान के बारे में कुछ नहीं कहा। जब मैं रेल मंत्री था, तो मैंने वहां और पूर्वोत्तर को सबसे ज्यादा फंड दिया।

मोदी पर वार करते हुए खड़गे ने आगे कहा कि उन्होंने पिछली सरकार (उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल परियोजना में) के योगदान के बारे में कुछ नहीं कहा। जब मैं रेल मंत्री था, तो मैंने वहां और पूर्वोत्तर को सबसे ज्यादा फंड दिया। हमने जो कुछ भी किया, उन्होंने (पीएम मोदी) उसे आगे बढ़ाया उसका उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मोदी हमेशा लोकतंत्र-लोकतंत्र कहते हैं। आजादी के बाद किसी प्रधानमंत्री ने उपसभापति का पद खाली नहीं रखा, लेकिन उन्होंने उस पद को खाली रखा है... मोदी का यह कृत्य गैरकानूनी है, अलोकतांत्रिक है और वे उपसभापति का एक छोटा सा पद भी नहीं देना चाहते, जिससे पता चलता है कि वे लोकतंत्र में विश्वास नहीं रखते। इसीलिए मैंने उन्हें लिखा है कि संविधान के अनुसार यह दिया जाना चाहिए, लेकिन आपने नहीं दिया।



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 9 जून को महाराष्ट्र में हुए रेल हादसे को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा, 'जब मोदी सरकार 11 साल की सेवा का जश्न मना रही है, तब देश की हकीकत मुंबई से आ रही दर्दनाक खबर में दिखती है, जहां ट्रेन से गिरकर कई लोगों की मौत हो गई।'

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के 11 साल पूरे होने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को प्रधानमंत्री पर इस अवधि के दौरान 33 गलतियां करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने कभी ऐसा प्रधानमंत्री नहीं देखा जो इतना झूठ बोलता हो और लोगों को फंसाता हो तथा युवाओं को धोखा देता हो। खड़गे ने कहा कि मैं पिछले 65 सालों से राजनीति में हूं, लेकिन मैंने कभी किसी प्रधानमंत्री को इतना झूठ बोलते और लोगों को धोखा देते नहीं देखा। वह हर चीज के बारे में झूठ बोलते हैं... उन्होंने कभी अपनी गलती नहीं मानी और इस बात के लिए माफी नहीं मांगी कि मैंने इतना झूठ बोला। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हर बात पर झूठ बोलते हैं और जो कहते हैं, उसे लागू नहीं करते और जब उनसे पूछा जाता है तो उनके पास इसका कोई जवाब नहीं होता। उन्होंने कहा, चाहे नोटबंदी हो या रोजगार सृजन या एमएसपी, ऐसी कई चीजें हैं। उन्होंने कभी स्वीकार नहीं किया कि उन्होंने लोगों से झूठ बोला है और गलती की है और इसके लिए कभी माफी नहीं मांगी। वह एक के बाद एक बातें कहते रहते हैं ।

# सोनम समेत 5 आरोपियों को 8 दिन की पुलिस रिमांड

## राजा रघुवंशी की मां से गले मिलकर रोया सोनम का भाई, कहा-हमने उससे सारे रिश्ते तोड़े

**राजा के घर अचानक पहुंचा सोनम का भाई**

सोनम का भाई गोविंद रघुवंशी बुधवार को अचानक से राजा रघुवंशी के घर पर पहुंचा. सबसे पहले राजा की मां और परिजनों से मुलाकात कर दुख व्यक्त किया है. काफी देर तक वह राजा की मां के गले से लिपटकर रोया. उस दौरान राजा की मां के भी आंसू नहीं थम रहे थे. राजा की मां ने रोते हुए ही कई सवाल सोनम के भाई से पूछे. उन्होंने पूछा कि सोनम ने ऐसा क्यों किया. गोविंद भी आंखों में आंसू लिए बोलता सुनाई दिया कि उसे कुछ नहीं मालूम.



एजेंसी

शिलॉन्ग। मेघालय पुलिस ने राजा मर्डर केस में मंगलवार को सोनम और राज समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इन्हें शिलॉन्ग लाया गया है। सभी आरोपियों को आज (11 जून) कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने अदालत से इनकी रिमांड मांगी। जिसके बाद कोर्ट ने सोनम समेत सभी आरोपियों को 8 दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा है।रिमांड पर लेने के बाद मेघालय पुलिस आरोपियों का आमना-सामना करा सकती है। साथ ही सीन रीक्रिएशन भी कराएगी।इधर, सोनम रघुवंशी के भाई गोविंद ने बुधवार को इंदौर में राजा रघुवंशी की मां उमा रघुवंशी से मुलाकात की। गोविंद राजा की मां के गले लगकर रोया और कहा कि सोनम ने गलती की, उसे सजा-ए-मौत होनी चाहिए।

1. शिलॉन्ग एसपी विवेक स्येम ने कहा, 'राज के साथी तीनों सुपारी किलर्स ने कबूला है कि सोनम 22 मई को शिलॉन्ग पहुंच गई थी। राजा को मारने का प्लान-ए इसी दिन का था। इसके लिए सोनम ने तय किया था कि वह राजा को पहाड़ पर ले जाएगी।'

2. शिलॉन्ग पुलिस ने दावा किया कि तीनों किलर्स भी वहां मौजूद होंगे। इसी बीच सेल्फी लेने के बहाने वो राजा को खाई में धक्का दे देगी। लेकिन, बारिश और अंधेरा होने के कारण प्लान ए कैंसिल करना पड़ा।

3. पुलिस ने बताया कि प्लान ए के बाद प्लान बी पर काम किया। इसमें अगले दिन राजा को पहाड़ पर ले जाकर मार दिया।

# 3 राज्य के 7 जिलों को मोदी सरकार की बड़ी सौगात

## रेलवे की 6,405 करोड़ की दो परियोजनाओं को मंजूरी

कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भारतीय रेलवे की बल्लारी-चिकजाजुर मल्टीट्रैकिंग परियोजना पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह दोहरीकरण परियोजना 185 किलोमीटर तक फैली है और इसकी लागत 3,342 करोड़ रुपये है। यह मंगलौर बंदरगाह के साथ आंतरिक इलाकों को कुशलतापूर्वक जोड़ेगी।




एजेंसी

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएम मोदी के ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के दौरान, परिवहन और रसद लागत को कम करने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं। आईआईएम बैंगलोर और आईआईएम कलकत्ता के हालिया अध्ययन से पता चलता है कि परिवहन में निवेश से देश की रसद लागत में लगभग 4% की कमी आई है। रसद लागत में हर प्रतिशत की कमी का मतलब है कि बहुत अधिक प्रतिस्पर्धी उद्योग होंगे। हम अधिक निर्यात कर सकते हैं। हम उत्पादन लागत कम रख सकते हैं... पिछले 1 साल में परिवहन परियोजनाओं के लिए लगभग 4.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी गई है। यह विकसित भारत के हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने में हमारी बड़ी भूमिका निभाएगा। कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भारतीय रेलवे की बल्लारी-चिकजाजुर मल्टीट्रैकिंग परियोजना पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह दोहरीकरण परियोजना 185 किलोमीटर तक फैली है और इसकी लागत 3,342 करोड़ रुपये है। यह मंगलौर बंदरगाह के साथ आंतरिक इलाकों को कुशलतापूर्वक जोड़ेगी। हम मंगलौर की रेलवे कनेक्टिविटी में सुधार के लिए एक मास्टर प्लान बना रहे हैं.

# अमरनाथ जा रहे बीएसएफ जवानों को खस्ताहाल ट्रेन मिली

## सीटों पर गद्दी नहीं, टॉयलेट टूटा, कॉकरोच थे; 5 दिन बाद 4 रेलवे अफसर सस्पेंड

**1200 जवानों के लिए कबाड़ ट्रेन**

वायरल वीडियो में दिखाई गई इस ट्रेन को देखकर किसी कबाड़खाने की हालत याद आ जाती है. सीटों की गद्दियां फटी हुई हैं, उनके अंदर की घास बाहर झांक रही है. डिब्बों की छतों में दरारें हैं और कई जगह जुगाड़ से उसे टिकाया गया है. पंखों की हालत ऐसी है जैसे कब से जंग खा रहे हों. कुल मिलाकर पूरी ट्रेन की हालत बिल्कुल खस्ताहाल नजर आ रही है. बताया जा रहा है कि इस ट्रेन में करीब 1200 बीएसएफ के जवानों को अमरनाथ यात्रा पर ड्यूटी देने के लिए भेजा जा रहा था. बताया गया है कि वीडियो वायरल होने के बाद कुछ अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है.



वीडियो में जो ट्रेन दिख रही है उसे लेकर लोगों ने आरोप लगाया है कि इसे डंप यार्ड से उठाकर जस का तस सेवा में दे दिया गया है. यहां तक कि उसकी सफाई भी नहीं की गई है.

एजेंसी

अमरनाथ यात्रा के लिए ड्यूटी पर जा रहे 1200 बीएसएफ जवानों ने ट्रेन की खराब हालत देखते हुए चढ़ने से इनकार कर दिया। 5 दिन पुराने इस मामले में रेल मंत्रालय ने 4 रेल अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है।6 जून को जवानों को त्रिपुरा से अमरनाथ जाना था। नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे ने जो ट्रेन जवानों को मुहैया कराई, उसमें खिड़कियां-दरवाजे टूटे हुए थे। ट्रेन का वीडियो भी अब सामने आया है। इसमें टॉयलेट टूटा है, लाइट नहीं है। सीटों पर गद्दियां भी गायब हैं। फर्श पर कॉकरोच दिखाई दे रहे हैं। जवानों के इनकार के बाद 10 जून को दूसरी ट्रेन मुहैया कराई गई। ट्रेन के डिब्बों का महीनों से इस्तेमाल नहीं हुआ था जवानों को अमरनाथ तीर्थयात्री ड्यूटी के लिए कश्मीर पहुंचना था। जिस ट्रेन से उन्हें जाना था, उसका बीएसएफ के कंपनी कमांडर ने निरीक्षण किया। ट्रेन की हालत देखकर वे हैरान रह गए। डिब्बों की हालत काफी खराब थी। इसका इस्तेमाल जवानों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए नहीं किया जा सकता। जांच के बाद पता चला कि डिब्बों का महीनों से इस्तेमाल नहीं हुआ।हर डिब्बे में जगह-जगह टूटे-फूटे सामान पड़े थे। ट्रेन की खिड़कियों व दरवाजों में छेद थे। अधिकांश सीटों पर गंदगी फैली हुई थी। ट्रेन के कई डिब्बों में बल्ब या बिजली कनेक्शन नहीं था।

# जासूस ज्योति मल्होत्रा को अभी जेल में ही रहना होगा, कोर्ट ने खारिज की जमानत अर्जी

▶▶मल्होत्रा को न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया गया और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने दावा किया है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियां मल्होत्रा को अपनी संपत्ति के तौर पर विकसित कर रही थीं।



एजेंसी

हरियाणा की एक अदालत ने बुधवार को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ज्योति मल्होत्रा को जमानत देने से इनकार कर दिया, जिन्हें पिछले महीने जासूसी के संदेह में गिरफ्तार किया गया था। हिसार पुलिस ने 16 मई को जासूसी के संदेह में मल्होत्रा को गिरफ्तार किया था और बाद में अदालत ने उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। रिमांड पूरा होने के बाद, पुलिस द्वारा उनसे आगे की पूछताछ करने के बाद अदालत ने हिरासत की अवधि चार दिन और बढ़ा दी। 26 मई को अदालत ने उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ज्योति मल्होत्रा को क्यों गिरफ्तार किया गया ?मल्होत्रा को न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया गया और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया।

# अब पीएम मोदी से मिलने के पहले कराना होगा आरटीपीसीआर

## कोरोना के बढ़ते केस के बीच फैसला

▶▶पीएम मोदी आज दिल्ली के सभी बीजेपी विधायक, सांसदों से मुलाकात करेंगे. मुलाकात से पहले सभी पदाधिकारियों के लिए आरटीपीसीआर टेस्ट अनिवार्य किया गया है.



एजेंसी

नई दिल्ली: आज शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली बीजेपी के सभी पदाधिकारियों को अपने आवास पर आमंत्रित किया है. इस डिनर में दिल्ली के मुख्यमंत्री, दिल्ली के सभी सातों सांसद, सभी भाजपा विधायक भी शामिल होंगे. कुल मिलाकर 70 के करीब अधिकारी, सांसद और विधायक इस डिनर में मौजूद रहेंगे. लेकिन कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलो में के बीच सभी के लिए कोविड टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है. यानी पीएम मोदी से मिलने वाले सभी पदाधिकारियों को आरटी पीसीआर टेस्ट करवाना होगा. दिल्ली में मिली जीत के बाद पहली बार पीएम मोदी ने बीजेपी नेताओं को देर शाम 7:30 बजे डिनर के लिए बुलाया है. दरअसल, केंद्र में मोदी सरकार के कार्यकाल के 11 साल पूरे होने पर इन दिनों सरकार अपनी उपलब्धियों को लोगों को बता रही है. इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्री से लेकर तमाम बीजेपी सांसद अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में जनता को बीते 11 सालों में जो कार्य हुए हैं, उसके बारे में बता रहे हैं. वहीं इससे आने वाले समय में इसके क्या इंपैक्ट होंगे ये भी बताया जा रहा है.दिल्ली के सातों सांसद भी आज अपने-अपने क्षेत्रों में मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताएंगे. विकसित दिल्ली को लेकर प्रधानमंत्री दिल्ली के विधायकों और सांसदों का मार्गदर्शन करेंगे. दिल्ली में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद दिल्ली के विधायकों से यह प्रधानमंत्री के साथ यह पहली मुलाकात है.

# कुंभ मेले में भगदड़ के बाद यूपी के सीएम से इस्तीफा क्यों नहीं मांगा?

**भाजपा पर सिद्धारमैया का पलटवार**

ख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सवाल उठाया कि इस साल की शुरूआत में प्रयागराज में कुंभ मेले के दौरान भगदड़ मचने पर भाजपा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस्तीफे की मांग क्यों नहीं की। सिद्धारमैया ने संवाददाताओं से बात करते हुए पूछा कि कुंभ मेले में भगदड़ में 40-50 लोग मारे गए। क्या तब उन्होंने मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग की थी?



एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को बेंगलुरू भगदड़ को लेकर भाजपा द्वारा उनके इस्तीफे की मांग को खारिज करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा हर चीज में राजनीति करती है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सवाल उठाया कि इस साल की शुरूआत में प्रयागराज में कुंभ मेले के दौरान भगदड़ मचने पर भाजपा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस्तीफे की मांग क्यों नहीं की। सिद्धारमैया ने संवाददाताओं से बात करते हुए पूछा कि कुंभ मेले में भगदड़ में 40-50 लोग मारे गए। क्या तब उन्होंने मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग की थी ? उद्घाटन के दिन एक पुल ढह गया था और 140 लोग मारे गए थे।

**निशाना** बोलीं- झुग्गी वालों की हाय लगेगी

# भाजपा गरीब विरोधी पार्टी, आतिशी ने रेखा गुप्ता सरकार पर साधा जोरदार निशाना

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने बुधवार को कालकाजी इलाके के भूमिहिनी कैंप में किए गए तोड़फोड़ अभियान को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर निशाना साधा। मीडिया से बात करते हुए आतिशी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 'गरीब विरोधी' पार्टी बताया और आगे सवाल किया कि विध्वंस के लिए अदालत का दरवाजा किसने खटखटाया। उन्होंने कहा कि यह साफ है कि भाजपा एक 'गरीब विरोधी' पार्टी है। तीन दिन पहले दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा था कि एक भी झुग्गी नहीं गिराई जाएगी। लेकिन आज सुबह 5 बजे से ही बुलडोजर चल रहे हैं और लोगों को जबरन उनके घरों से बाहर निकाला जा रहा है, लाठी-डंडों से पीटा जा रहा है। आतिशी ने आगे कहा कि रेखा गुप्ता का दावा है कि यह एक अदालती आदेश है - लेकिन अदालत का दरवाजा किसने खटखटाया? यह भाजपा की डीडीए और पार्टी थी जिसने यह आदेश लाया। ये गरीब लोग अदालत गए, लेकिन भाजपा और डीडीए उनके खिलाफ खड़े हो गए, उन्होंने कहा कि वे घर नहीं देंगे, और अदालत से तोड़फोड़ को मंजूरी देने का आग्रह किया। हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद यह तोड़फोड़ अभियान चलाया गया। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद अवैध झोपड़ियों को ढहाने के मद्देनजर भूमिहीन कैंप के सभी निवासियों को एक आधिकारिक नोटिस जारी किया था, जिसमें उन्हें अपने परिसर खाली करने का निर्देश दिया गया था। मंगलवार को दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता और कालकाजी से आप विधायक आतिशी ने इलाके में तोड़फोड़ विरोधी प्रदर्शन किया, जिसके बाद उन्हें दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। आतिशी ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा और रेखा गुप्ता को झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग श्राप देंगे। आतिशी ने एक दिन पहले कहा था, बीजेपी कल इन झुग्गियों को ध्वस्त करने जा रही है, और मुझे आज जेल भेजा जा रहा है क्योंकि मैं इन झुग्गीवासियों के लिए आवाज उठा रही हूँ। 'बीजेपी और रेखा गुप्ता को झुग्गी वालों की हाय लगेगी। ... बीजेपी कभी वापस नहीं आएगी।

अरविंद केजरीवाल ने अपनी राजनीतिक यात्रा इसी तरह आम आदमी के मुद्दे उठाकर की थी। उन्होंने लोगों के बढ़े बिजली के बिल देने से साफ इनकार करवा दिया था



आतिशी ने आगे कहा कि रेखा गुप्ता का दावा है कि यह एक अदालती आदेश है - लेकिन अदालत का दरवाजा किसने खटखटाया? यह भाजपा की डीडीए और पार्टी थी जिसने यह आदेश लाया।

# प्रवेश वर्मा का दावा, 100 दिनों में पिछली सरकार से ज्यादा किया है काम




भाजपा नेता ने कहा कि हमने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि सभी घरों तक पानी पहुंचे। इसे और बेहतर बनाने और बदलाव देखने में कुछ समय लगेगा। पानी की मांग अब बढ़ गई है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने बुधवार को कहा कि भाजपा सरकार ने अपने पहले 100 दिनों में इतना काम कर दिया है, जितना पिछली सरकार 10 साल में नहीं कर पाई। प्रवेश वर्मा ने दिल्ली शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बात की। वर्मा ने कहा कि दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग ने 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया है। मैं सभी दिल्लीवासियों से अपील करता हूं कि वे अपने घर के पास के पार्क में अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाएं। भाजपा नेता ने कहा कि हमने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि सभी घरों तक पानी पहुंचे। इसे और बेहतर बनाने और बदलाव देखने में कुछ समय लगेगा। पानी की मांग अब बढ़ गई है। हमारे अधिकारी निगरानी कर रहे हैं कि कहीं भी पानी की कमी न हो और गंदे पानी की समस्या पर भी काम किया जा रहा है। प्रवेश वर्मा ने संवाददाताओं से कहा, हमारी सरकार ने 100 दिनों में इतना काम कर दिया है जितना पिछली सरकार 10 साल में नहीं कर पाई। सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली में 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने मौजूदा सीजन में 70 लाख से ज्यादा पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा है।

## सम्पादकीय

### समावेशी विकास के 11 वर्ष, मोदी सरकार ने लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाया

नया भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश की प्रगति अब सिर्फ जीडीपी जैसे आंकड़ों से तय नहीं होती, बल्कि आम लोगों को सम्मान से जीने और आगे बढ़ने के मिले अवसरों से भी होती है। इसके उदाहरण दूर-दराज के गांवों, कस्बों और शहरों में आम हैं। यह बदलाव उस नेतृत्व की बदौलत संभव हुआ, जो हर नागरिक को सशक्त बनाने में विश्वास रखता है। शुरू से ही अंत्योदय यानी पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का उत्थान हमारी प्रेरणा रहा है। पिछले 11 वर्षों में हमारी हर नीति, हर निवेश और नवाचार इसी सोच पर आधारित रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह सोच चार स्तंभों पर आधारित है।पहला, ऐसा इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाना, जो देश को जोड़े। दूसरा, ऐसा विकास, जो सबको साथ लेकर चले। तीसरा, मैन्यूफैक्चरिंग जो लोगों को रोजगार दे। चौथा, सरकारी कामकाज को इतना आसान बनाना कि आम आदमी को ताकत मिले। पिछले 11 वर्षों में पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) तेजी से बढ़ा है और 2025-26 में यह 11.2 लाख करोड़ तक पहुंच गया। यह बढ़ता हुआ निवेश सबसे अधिक बुनियादी ढांचे-फिजिकल, डिजिटल और सामाजिक में दिखता है। दौरान करीब 59,000 किमी नए राजमार्ग बने और 37,500 किमी रेलवे ट्रैक बिछाए गए। हाल में चिनाब और अंजी पुल का उद्घाटन हुआ, जो आधुनिक भारत की इंजीनियरिंग क्षमता का प्रतीक हैं। जब वंदेभारत ट्रेन इन पुलों से होकर श्रीनगर पहुंची, तो एक यात्री ने कहा, यह किसी सपने के सच होने जैसा है। उसकी आंखों में आंसू थे। कनेक्टिविटी अब सिर्फ सड़कों और रेल तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह डिजिटल क्षेत्र में भी फैल चुकी है। भारत का डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर दुनिया में मिसाल बन चुका है। यूपीआइ, आधार और डिजीलाकर जैसे प्लेटफार्म आम लोगों की जिंदगी को सरल बना रहे हैं। इनकी सफलता और व्यापक उपयोगिता देखते हुए कई देश इनका अध्ययन कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य है टेक्नोलाजी को हर आम आदमी तक पहुंचाना। यह सोच अब इंडिया एआइ मिशन को भी दिशा दे रही है। अब 34,000 से अधिक हाई स्पीड कंप्यूटर चिप्स-जीपीयू सभी के लिए उपलब्ध हैं और बाकी देशों की तुलना में सिर्फ एक-तिहाई लागत पर। एआइ माडल को ट्रेन करने में इन चिप्स की बड़ी भूमिका होती है। शोध और नवाचार को आसान बनाने के लिए एआइकोष प्लेटफार्म पर 370 से ज्यादा डाटा सेट और 200 से अधिक तैयार एआइ माडल सभी के लिए उपलब्ध हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सेवाओं को सबके लिए आसान बनाने पर भी इतना ही जोर दिया गया है। इन 11 वर्षों में मेडिकल कालेजों की संख्या 387 से बढ़कर 780 हो गई है। एम्स सात से बढ़कर 23 हो चुके हैं।

## आज का विचार

आपका जीतना इसलिए
ज्यादा जरूरी है
क्यूंकि बहुत लोग आपके हारने
का इंतजार कर रहे होते हैं

भारत संवाद




**मेष राशि :** मेष राशि के जातकों के लिए ग्रहों की स्थिति बता रही है कि आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है. आज स्थितियां आपके पक्ष में रहने वाली है. लंबे समय से सोची हुई कोई बात आज पूरी हो सकती है जिससे आप बहुत प्रसन्न रहेंगे. आज का दिन व्यापारी वर्ग के लोगों के लिए काफी लाभदायक रहने वाला है.

**वृषभ राशि:** वृषभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन थोड़ा खर्च कराने वाला रहेगा. आज मुमकिन है कि आपको अपने जीवनसाथी के साथ शॉपिंग पर जाना पड़े जिसका असर आपकी जेब पर भी दिखाई देगा. आपको सलाह है कि फिलहाल अपनी सेहत का ख्याल रखे. आर्थिक मामलों में आज का दिन आपके लिए थोड़ा कमजोर रह सकता है.

**मिथुन राशि:** मिथुन राशि के लोगों के लिए आज का दिन आर्थिक मामलों में पक्ष में रहने वाला है. आज आपके सामने कम ही आर्थिक चुनौतियां रहेंगी और आपकी आमदनी अच्छी रहेगी. आज व्यापार में भी लाभ के अच्छे योग रहने वाले हैं. प्रेम जीवन में रह रहे लोगों के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहेगा.

**कर्क राशि:** ग्रहों की स्थिति बता रही है कि आज का दिन कर्क राशि के लोगों के लिए सामान्य रहेगा. आज इस राशि के पेशेवर व्यक्तियों के दिन बहुत ही अनुकूल रहने वाला है। आज आप अपने काम में काफी व्यस्त रह सकते हैं. साथ ही आज आप आर्थिक रूप से काफी मजबूत दिखाई देंगे.

**सिंह राशि :** सिंह राशि के लोगों के लिए आज विदेश से जुड़ा कोई शुभ समाचार लेकर आ सकता है. आज विदेश जाने की कोई खबर आपको मिल सकती है दरअसल, आज काम के सिलसिले में आपको किसी लंबी यात्रा पर जाना पड़ सकता है. अपनी सेहत का ख्याल रखें अ

**कन्या राशि:** कन्या राशि वालों के लिए सलाह है कि आज किसी भी बात को लेकर खुद पर तनाव को हावी न होने दे. मानसिक तौर पर खुद को स्वस्थ रखने की कोशिश करें.

**तुला राशि:** तुला राशि के लोगों के लिए आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है. आज आपको प्रमोशन भी मिल सकता है या व्यापार में अच्छे लाभ के योग भी बनेंगे। निजी जीवन खुशियों से भरा रहेगा और आपका जीवन साथी आपके रंग में रंगा हुआ नजर आएगा.

**वृश्चिक राशि:** वृश्चिक राशि के लोगों के लिए ग्रहों की चाल संकेत दे रही है कि आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा. आज आपको सलाह है कि किसी से भी कोई कर्ज न लें क्योंकि, ऐसा करना आपके लिए सिर दर्द का कारण बन सकता है. आज आपके खर्चों में भी काफी बढ़ोतरी होगी इसलिए आर्थिक रूप से दिन थोड़ा निराशाजनक रह सकता है लेकिन मानसिक रूप से आप काफी मजबूत रहेंगे और एक साथ कई काम निपटा लेंगे.

**धनु राशि :** धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा रहने वाला है. आप जिससे प्यार करते हैं आज उससे खुलकर अपने दिल की हर बात कह सकते हैं और आज वह भी आपके प्यार में डूबा हुआ नजर आएगा.

**मकर राशि :** मकर राशि के लोगों को आज प्रॉपर्टी से जुड़ी कोई बड़ी जानकारी आपको मिल सकती है, जिससे आप काफी प्रसन्न रहेंगे या यदि आप अपना घर खरीदने की योजना बना रहे थे तो आज उसमें सफलता मिलने के पूरे योग हैं.

**कुंभ राशि:** कुंभ राशि के लोगों के लिए सितारों की चाल बता रही है कि आज आपमें आत्मविश्वास काफी ज्यादा ऊंचा रहने वाला है जिससे आप व्यापार में कोई बड़ा जोखिम उठाने से पीछे नहीं हटेंगे

**मीन राशि :** मीन राशि के लोगों के लिए ग्रहों की स्थिति आज आपके पक्ष में रहने वाली है जिससे आर्थिक लाभ होने के प्रबल योग बनेंगे। आज आप कोई बड़ी पॉलिसी खरीद सकते हैं या धन संचय की किसी योजना में निवेश कर सकते हैं. परिवार का माहौल काफी अच्छा रहेगा

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# ट्रंप पर भरोसा करने से बचे भारत, अमेरिकी राष्ट्रपति के रवैये से बिगड़ सकते हैं दोनों देश के संबंध

> ट्रंप ने भारत की चिंता बढ़ाने वाला एक और काम किया है। उन्होंने 16 मई को अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के तीन सलाहकार बोर्डों में से एक में दो ऐसे सदस्य बनाए जिन्हें लेकर विवाद छिड़ा है। ये हैं शेख हमजा यूसुफ और इस्माइल रोयर। दोनों को जिहादी सोच वाला कहा जा रहा है। दोनों मतांतरित मुस्लिम हैं।

पा अमेरिका को फिर से महान बनाने के नारे के साथ राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप फिलहाल लास एंजिलिस को हिंसा से बचाने के लिए जूझ रहे हैं। यह हिंसा इसलिए भड़की, क्योंकि ट्रंप अवैध आप्रवासियों के खिलाफ सख्त अभियान छेड़े हुए हैं। लास एंजिलिस में अवैध आप्रवासी और उनके हमदर्द संगठन ट्रंप के खिलाफ सड़कों पर उतर आए और उन्होंने इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इनफोर्समेंट (आइसीई) को निशाना बनाना शुरू कर दिया। नतीजा बेकाबू हिंसा के रूप में सामने आया। ट्रंप अवैध आप्रवासियों के खिलाफ इसलिए सख्ती बरत रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे ही मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) समर्थक खुश होंगे। अवैध आप्रवासियों को निकालने में हर्ज नहीं, लेकिन उस तरह नहीं, जैसे ट्रंप निकाल रहे हैं, क्योंकि भारतीय छात्रों समेत वैध तरीके से अमेरिका गए अन्य देशों के लोग भी आइसीई की की सख्ती की चपेट में आ रहे हैं। पता नहीं ट्रंप अवैध आप्रवासियों को निकाल कर अमेरिका को महान बना पाएंगे या नहीं, लेकिन भारत को उनसे सतर्क हो जाना चाहिए। केवल इसलिए नहीं, क्योंकि वह वैध आप्रवासियों को भी तंग कर रहे हैं। भारत को इसलिए भी चिंतित होना चाहिए कि ट्रंप ने पाकिस्तान को एक तरह से गोद ले लिया है। इसकी पुष्टि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की सैन्य कार्रवाई पर उनके अजीब रवैये से हुई थी। वह व्यापार का लालच देकर इस सैन्य संघर्ष को थामने का श्रेय लेने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा करते हुए वह पाकिस्तान का गुणगान करना भी नहीं भूल रहे हैं। ट्रंप की मानें तो पाकिस्तान ग्रेट नेशन है और वहां के लोगों ने कुछ शानदार चीजें बनाई हैं। दुनिया तो यही मानती है कि पाकिस्तान आतंकियों की फैक्ट्री है। अपने पहले कार्यकाल में ट्रंप भी ऐसा ही मानते थे और उसे धोखेबाज, अमेरिका को मूर्ख बनाकर पैसे ऐंठने एवं आतंकियों को पालने वाला कहते थे, लेकिन दूसरे कार्यकाल में वह उसके मुरीद बन गए।



उनकी ओर से पाकिस्तान की तारीफ के पुल बांधने के पीछे उनके बेटों के स्वामित्व वाली क्रिप्टो कंपनी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल (डब्लूएलएफ) और पाकिस्तान क्रिप्टो काउंसिल (पीसीसी) के बीच हुए समझौते को माना जा रहा है। यह समझौता पहलगाम हमले के पांच दिन बाद 27 अप्रैल को हुआ था, लेकिन इस समझौते के पहले भी कुछ संदेहास्पद हुआ था। राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद ट्रंप ने जनवरी में अपने भरोसेमंद और अरबपति व्यापारी जेंट्री बीच को निवेशकों के एक दल के साथ पाकिस्तान भेजा। उन्होंने वहां जाकर खनिज संबंधी कुछ समझौते किए और पीएम शाहबाज शरीफ से भी मिले। जेंट्री को ट्रंप का अघोषित विशेष दूत माना जाता है। जेंट्री जब अमेरिका लौटे तो उन्होंने पाकिस्तान की इस कदर तारीफ की कि शायद पाकिस्तानी भी हैरत में बोल पड़े हों कि हमारा देश इतना अच्छा है और हमें ही पता नहीं। लगता है जेंट्री के इस्लामाबाद दौरे के बाद ही ट्रंप को पाकिस्तान को लेकर नई दृष्टि प्राप्त हुई। इसका प्रमाण यह है कि इसी आठ जून को उन्होंने अमेरिका को सुरक्षित रखने के लिए 12 देशों के लोगों पर पूर्ण और सात देशों के नागरिकों पर आंशिक प्रतिबंध लगाया। इन देशों की सूची में अफगानिस्तान, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान, यमन, म्यांमार, चाड, कांगो, क्यूबा, वेनेजुएला, तुर्कमेनिस्तान आदि का नाम तो है, लेकिन पाकिस्तान का नहीं। क्यों नहीं है, इसका जवाब ट्रंप या उनके करीबी ही दे सकते हैं। माना जाता है कि कुछ रिपलिब्कन सांसदों समेत ट्रंप के करीबियों को रिझाने और उनमें से एक जेंट्री बीच को पाकिस्तान ले जाने औ? डब्लूएलएफ एवं पीसीसी में आनन-फानन समझौता कराने के पीछे वाशिंगटन स्थित पाकिस्तानी दूतावास और उसके लिए लाबिंग करने वालों का हाथ है। यह ध्यान रहे कि ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद जब प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका गए थे, तब दोनों देशों की ओर से जारी साझा बयान में आतंकवाद की निंदा की गई थी और मुंबई एवं पठानकोट हमलों के गुनहगारों को न्याय के कठघरे में खड़ा करने तथा इस्लामाबाद से यह सुनिश्चित करने को कहा गया था कि उसकी जमीन का इस्तेमाल किसी तरह की आतंकी गतिविधियों के लिए न होने पाए। क्या यह विचित्र नहीं कि यही पाकिस्तान अब ट्रंप को अचानक ग्रेट नेशन नजर आने लगा? हम इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि ट्रंप ने अवैध तरीके से अमेरिका गए भारतीयों को किस तरह हथकड़ी-बेड़ी लगाकर भेजा और टैरिफ के मामले में कैसा रवैया अपनाया। उन्होंने भारत में आइफोन बनाने वाली कंपनी एपल को भी चेताया कि वह ऐसा करेगी तो 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे। इसके पहले वे हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिल पर अधिक टैरिफ का रोना रोते हुए भारत को टैरिफ किंग कह चुके हैं। यह भारत के कथित मित्र देश के शासनाध्यक्ष जैसा व्यवहार तो कतई नहीं है। ट्रंप के दोबारा व्हाइट हाउस पहुंचने के बाद दोनों देशों के रिश्ते और मजबूत होने की जो उम्मीद की जा रही थी, वह अब दरकती दिख रही है। इसे लेकर मतभेद हैं कि अमेरिका के विदेश मंत्री रहे हेनरी किसिंजर ने वास्तव में कभी ऐसा कहा था- अमेरिका का दुश्मन होना खतरनाक हो सकता है, लेकिन दोस्त होना जानलेवा होता है, लेकिन यह सही साबित होता दिख रहा है। दोस्तों को दगा देना अमेरिका की पुरानी आदत है। बात केवल इतनी ही नहीं कि पाकिस्तान किसी तरह ट्रंप और उनके करीबियों को रिझाने में सफल हो गया। यही काम ट्रंप और उनके करीबी भी कर रहे हैं। पाकिस्तान में अमेरिका की कार्यवाहक राजदूत नताली ए बेकर पीएसएल का फाइनल मुकाबला देखने पहुंचीं। वह लाहौर कलंदर को सपोर्ट कर रही थीं औ? उसकी शर्ट भी पहने थीं। मैच के पहले भारत के खिलाफ पाकिस्तान सेना की बहादुरी बयान करने के लिए एक कार्यक्रम रखा गया। इसमें पाकिस्तानी सेना के शीर्ष अधिकारी भी थे औ नताली बेकर भी। क्या नताली भी यह जताना चाहती थीं कि पाकिस्ताना सेना ने वाकई भारत पर जीत हासिल की? जो भी हो, इसमें संदेह नहीं कि ट्रंप पाकिस्तान को यह संदेश देने में लगे हुए हैं कि अब उसके प्रति उनका रवैया बदल गया है। यह तो सबको पता ही है कि हाल में ट्रंप जब पश्चिम एशिया गए तो उन्होंने सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात की। यह वही अल शरा है, जो अलकायदा एवं इस्लामिक स्टेट में रह चुका है और जिस पर अमेरिका ने इनाम रखा था। इसे सुरक्षा परिषद ने वैश्विक आतंकी घोषित किया था। अल शरा उर्फ अबू मोहम्मद अल-जुलानी ने अल-नुसरा फ्रंट नाम से अपना अलग आतंकी गुट बनाया था। फिर इसका नाम हयात तहरीर अल-शाम रखा और कुछ समय पहले राष्ट्रपति बशर अल असद को बेदखल कर सीरिया पर कब्जा करने में सफल रहा। ट्रंप ने भारत की चिंता बढ़ाने वाला एक और काम किया है। उन्होंने 16 मई को अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के तीन सलाहकार बोर्डों में से एक में दो ऐसे सदस्य बनाए, जिन्हें लेकर विवाद छिड़ा है। ये हैं शेख हमजा यूसुफ और इस्माइल रोयर। दोनों को जिहादी सोच वाला कहा जा रहा है। दोनों मतांतरित मुस्लिम हैं। एक समय एफबीआइ ने हमजा से पूछताछ भी की थी। हमजा से ज्यादा गंभीर मामला रैंडल टाड रोयर उर्फ इस्माइल रोयर का है। उसने 1992 में इस्लाम अपनाया और फिर पाकिस्तान जाकर लश्कर के ट्रेनिंग कैंपों में जिहाद का प्रशिक्षण लिया। इस दौरान उसने सीमा पार से कश्मीर में सुरक्षा चौकियों पर गोलीबारी भी की। 2004 में उसे लश्कर के इशारे पर ह्वर्जीनिया जिहाद नेटवर्कह्व चलाने के आरोप में 20 साल की सजा हुई। 13 साल बाद उसे कथित तौर पर सुधर जाने के कारण रिहा कर दिया गया। अब ट्रंप ने इसी ह्वसुधरे हुएह्व जिहादी को धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के सलाहकार बोर्ड का सदस्य बना दिया। यह आयोग दुनिया भर के देशों को लेकर यह रिपोर्ट देता है कि वहां धार्मिक स्वतंत्रता की क्या स्थिति है। आखिर भारत ट्रंप पर कैसे भरोसा कर सकता है? आशंका है कि ट्रंप के राष्ट्रपति रहते भारत-अमेरिका संबंध बिगड़ने के साथ क्वाड का भविष्य भी खतरे में पड़ सकता है।

# श्रम की खुशबू और सफलता

संजीव ठाकुर



किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए सही योजना परिकल्पना तथा रणनीति अत्यंत आवश्यक है अपने लक्ष्य के अनुसार अपनी क्षमता को दृष्टिगत रखते हुए व्यक्ति को अपनी प्राथमिकताएं सुनियोजित कर लेनी चाहिए, लक्ष्य प्राप्ति के लिए यह बहुत जरूरी है कि आपके पास उपलब्ध समय की गणना आवश्यक रूप से कर ले, अन्यथा अपने टारगेट से इधर उधर भटक सकते हैं, ऐसी स्थिति में मन को एकाग्र रखकर आत्मविश्वास को द्विगुणित कर के एकाग्रता को एक हथियार की तरह इस्तेमाल करना एक महत्वपूर्ण कदम होगा, सर्वप्रथम आप अपनी क्षमता शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानिए एवं लक्ष्य की तरफ एक एक सोपान धीरे धीरे बढ़ाते जाएं, लक्ष्य के स्वरूप और छोटा या बड़ा होने की मन में कल्पना न करें, लक्ष हमेशा लक्ष्य होता है छोटा बड़ा नहीं, इसके लिए बहुत ही ठंडे दिमाग से योजना बनाकर लक्ष्य की प्राप्ति के उपायों को मन ही मन तय करें एवं प्राथमिकता के आधार पर उसकी धीरे धीरे तैयारी करना शुरू करें सफलता के लिए अपने संसाधन सुनिश्चित करने के पश्चात एक सुनियोजित योजना बनाकर समय की प्रतिबद्धता के हिसाब से धीरे-धीरे आगे की ओर अपने कदम न सुनिश्चित करें लक्ष्य प्राप्ति के लिए जो सबसे बड़ा शस्त्र है वह समय का सदुपयोग, क्योंकि हम सभी को मालूम है कि हमारे पास दिन में सिर्फ 24 घंटे ही उपलब्ध होते हैं, इसमें हमें दैनिक दिनचर्या शारीरिक एवं मानसिक शक्ति प्राप्त करने के लिए समय निकालने की आवश्यकता होगी, ऐसे में समय का समुचित उपयोग एक सफल नियोजन कर्ता की तरह किया जाना चाहिए, उपलब्ध समय में उचित समय पर उठना स्नान, ध्यान, भोजन एवं मानसिकता दृढ़ता के लिए समुचित नींद या निद्रा की अत्यंत आवश्यक होती है किसी ने सच कहा है, मन के हारे हार है और मन के जीते जीत, यदि आपको जीवन में जीत या सफलता प्राप्त करनी है तो आप मानसिक दृढ़ता के साथ आप आत्मविश्वास से लवरेज यानी ओतप्रोत होने के लिए तैयार हो जाए, लक्ष्य छोटा हो या बड़ा घबराने की आवश्यकता नहीं है , क्योंकि मनुष्य का मस्तिष्क ही सोच के हिसाब से सफलता लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सक्षम होता है काम करने से पहले ही यदि आप आधे मन से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगे तो सफलता प्राप्त होने में संदेह ही नहीं सारी परिस्थितियां संदिग्ध हो जाती है लक्ष्य की दूरहता या क्लिष्टता का पूवार्नुमान अपनी सफलता की तैयारी के पूर्व ही कर लिया जाना चाहिए और इन सब के लिए सुनियोजित रणनीति या कार्य योजना तैयार कर उस लक्ष्य की तरफ रुख किया जाना चाहिऐ अपनी प्राथमिकताओं में सर्व प्रथम स्थान नींद का होना चाहिए, सही वक्त पर पूरी नींद ही शरीर को चुस्त-दुरुस्त और सजग रखती है अतः दिन में मानसिक तनाव से दूर रहने के लिए संपूर्ण 6 से 8 घंटे नींद ले लेनी चाहिए, जिससे मानसिक चुस्ती आने के साथ कार्य क्षमता में वृद्धि होती है, अन्यथा आपका किसी कार्य में समुचित मन लगना संदिग्ध होगो, इसी तरह आप अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिनचर्या के कार्यों को या तो अच्छे से याद कर ले या उसे कॉपी या डायरी में अच्छी तरह लिख कर रखें और रोज ही अपने लिखे हुए कार्यों को सुचारू रूप से संपादित करें अपने कार्य को प्राप्त करने के लिए होमवर्क किया जाना होगो सफलता की प्राप्ति के लिए दिन के लक्ष्य को कागज पर उतार कर उससे जुड़ी हुई विषमताओं एवं चुनौतियां को लिखकर चुनौतियों के समाधान को भी अपने मस्तिष्क में स्थापित कर लेना चाहिऐ जिससे यह आपको सुनिश्चित हो जाएगा कि आप लक्ष्य की कठिनाइयों को किस तरह दूर कर पाएंगे और इनका निदान किस तरह किया जा सकेगोकई बार ऐसे अवसर आएंगे जब आपका आत्मविश्वास आपकी उर्जा एवं शक्ति डगमगाने लगेगी, ऐसे मौके या तो आपकी शारीरिक कमजोरी, मानसिक शिथिलता, सामाजिक, पारिवारिक परिस्थितियों एवं काल के कारण आपके सम्मुख आ सकती हैइन परिस्थितियों में मनुष्य को लगने लगता है कि उनकी मेहनत और लक्ष्य अनायास व्यर्थ हो गई हैं, बस ऐसे ही समय में आपको अपने मस्तिष्क मे से नकारात्मक विचारों और सोच को दूर रख कर मनन कर आत्मविश्वास के साथ दूर कर आगे की ओर अग्रसर होना है यही समय है जब आपको अपने आप को संतुलित कर आगे की ओर ले जाना है, और सबसे अहम एवं महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि लक्ष्य प्राप्ति के दौरान आप नकारात्मक यानी कि नेगेटिव वातावरण एवं इस तरह की मानसिकता वाले व्यक्तियों से दूर रहकर मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा भरकर आत्मविश्वास से लबालब होना है इस तरह आप अपने लक्ष्य की प्राप्ति की ओर पूरी ऊर्जा और सामर्थ्य के साथ प्राप्त करने के लिए अग्रसर होंगे, लक्ष्य प्राप्ति के साधनों तथा उससे जुड़े हुए समर्थ व्यक्तियों की तलाश में भी आपको सतत रहना होगा यदि आप प्रतियोगिता परीक्षा और उसकी सफलता के लिए प्रयासरत हैं तो ऐसे व्यक्तियों को सदैव बुद्धिमान एवं मेहनती अध्येता के साथ विचार विमर्श करना चाहिए एवं लाइब्रेरी या पुस्तक विक्रेताओं से सर्वश्रेष्ठ ज्ञानार्जन के लिए किताबों का संग्रह किया जाना चाहिए या किसी का अन्य लक्ष्य हो तो सदैव उसे समय की उपयोगिता तथा उसकी सार्थकता पर जरूर ध्यान केंद्रित कर सफल व्यक्तियों का अनुसरण किया जाना चाहिए तभी सफलता उनके कदम चूमेगी और सफलता का एक ही सूत्र एवं रहस्य है कि अपने मस्तिष्क की प्रबलता बनाए रखें जाने के साथ कड़ी मेहनत भी करें, तब जाकर सफलता व्यक्ति के कदम चूमती है

# फंगस केवल फसलों का ही दुश्मन नहीं, वह इंसानों की जान के लिए भी खतरनाक है

विजय गर्ग

एक साइंस जर्नल के मुताबिक, फंगस कृषि आतंकवाद का खतरनाक हथियार हो सकता है। फ्यूजेरियम ग्रेमिनीअरम नामक एक फंगस विभिन्न अनाजों के विकास को प्रभावित करता है। इससे उपज भी कम हो जाती है। संक्रमित करने के बाद यह फंगस फसल के परिपक्व होने के साथ फैलता जाता है। फ्यूजेरियम ग्रेमिनीअरम छोटे अनाज के पौधों के तने और जड़ों के ऊतकों, अवशेषों में जीवित रहने और नये पौधों को संक्रमित करने के लिए जाना जाता है। यह माइकोटाक्सिन पैदा करता है जिसका सेवन हानिकर होता है।

बीते दिनों अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई ने मिशिगन यूनिवर्सिटी में शोधरत चीनी शोध वैज्ञानिक युनकिंग जियांग को गिरफ्तार किया जो अमेरिका में खतरनाक जैविक फंगस फ्यूजेरियम ग्रेमिनिअरम लेकर आई। वैसे फंगस विभिन्न तरह के रोग जैसे हेड ब्लाइट, रूट रौट व सीडलिंग ब्लाइट पैदा करता है। इसकी अधिकांश प्रजातियां मृदाकवक हैं। जबकि फ्यूजेरियम ग्रेमिनीअरम फंगस गेहूं, धान, मक्का और जौ में हेड ब्लाइट रोग फैलाता है। इससे मुख्यतः वोमिटोक्सिन पदार्थ पैदा होता है जो अनाज दूषित करता है। इससे निकले विषाक्त द्रव्य से हर साल अरबों डॉलर की फसल बर्बाद होती है व उपज कम होती है। गौरतलब है कि एफबीआई ने पिछले साल जुलाई में चीनी शोध वैज्ञानिक जियान के ब्वायफ्रैंड लियू को उसके बैग में मिले लाल पौधे के पदार्थ के बारे में गोलमोल जवाब देने के बाद डेट्रायट हवाई अड्डे से वापस चीन भेज दिया था। लियू के मुताबिक, उसकी योजना मिशिगन यूनिवर्सिटी की लैब में अनुसंधान के लिए इस सामग्री का उपयोग करने की थी। इसके बाद उसने अपनी गर्लफ्रेंड जियान के जरिये छिपाकर इस खतरनाक फंगस को मिशिगन यूनिवर्सिटी की लैब तक पहुंचाया। लियू पहले इस लैब में काम करता था। फिलहाल वह चीनी यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं। एफबीआई निदेशक ने इसे गंभीर मामला बताते हुए कहा है कि चीन अमेरिकी संस्थानों में घुसपैठ की साजिश कर रहा है ताकि खाद्य सुरक्षा तंत्र के जरिये बड़ी आबादी को नुकसान पहुंचाया जा सके। इस स्ट्रेन के अनधिकृत आयात से अधिक आक्रामक या कीटनाशक प्रतिरोधी वैरिएंट आने का खतरा बढ़ जाता है। इसके कारण नियंत्रण के उपाय कम प्रभावी होते हैं।

यह खतरनाक फंगस भारत में भी पाया जाता है। अमेरिकी नेशनल लाइब्रेरी आफ मेडिसिन की 2022 की रिपोर्ट की मानें तो उत्तर भारत में गेहूं की फसल में कई बार हेड ब्लास्ट के लक्षण देखे गये। हालांकि हर बार उस पर नियंत्रण पा लिया गया। इसके यहां सक्रिय होने के पीछे जलवायु परिवर्तन अहम कारण है। गेहूं की फसल के लिए इसे बड़ा खतरा माना जाता है। आईसीएआर के 2021 में ?हिमाचल और तमिलनाडु में किए व्यापक रोग-सर्वेक्षण में इस फंगस के बारे में खुलासा हुआ था। इससे गेहूं के दाने में हेड ब्लाइट या स्टैंड की समस्या हुई थी। यही नहीं 2021 और 2022 के बीच रबी सीजन में कर्नाटक कृषि विवि द्वारा किए एक सर्वे में कर्नाटक में हेड ब्लाइट की समस्या देखी गयी। असल में अमेरिका में चीनी वैज्ञानिक द्वारा फ्यूजेरियम ग्रेमिनीअरम की तस्करी की घटना ने जहां वैश्विक कृषि सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं, वहीं चेतावनी भी दी है कि इस तरह मिट्टी, बीज और फसलें भी आतंकवाद के हथियार बन सकते हैं। फ्यूजेरियम ग्रेमिनीअरम फंगस अनाज को सड़ा भी सकता है जिससे इंसान व मवेशियों की जान के लाले पड़ सकते हैं। बेहद सूक्ष्म होने के चलते यह आसानी से पकड़ में नहीं आता और हवा, मिट्टी और बीज के जरिये अपना विस्तार करता है।

# महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों गठबंधन पर फडणवीस का बड़ा बयान

महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों के लिए सरगर्मी तेज होने के बाद सीएम देवेंद्र फडणवीस का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने गठबंधन के फैसले पर साफ किया है कि पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष इस पर निर्णय लेंगे। फडणवीस ने बताया कि कैसे बीजेपी इन चुनावों में उतरेगी?

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नागपुर/अकोलाः महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री बने देवेंद्र फडणवीस ने लोकल बॉडी इलेक्शन को लेकर बड़ा बयान दिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अकोला में कहा किस्थानीय निकाय चुनाव में गठबंधन पर फैसला लेने का अधिकार हमारे प्रदेश अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, चुनाव समिति को है, किसी और को नहीं। हमारी भूमिका यह है कि हम महायुति के तहत चुनाव लड़ेंगे। कुछ जगहों पर, जहां यह संभव नहीं है, वहां दोस्ताना लड़ाई है। फडणवीस का यह बयान ऐसे वक्त पर आया है जब राज्य में तमाम पार्टियों स्थानीय निकाय चुनावों में अकेले लड़ने की स्थिति के लिए खुद को तैयार करने में जुटी हैं। 2017 के बीएमसी चुनावों में सभी पार्टियों ने अकेले चुनाव लड़ा था।

## तीन चरणों में संभव हैं निकाय चुनाव

सीएम फडणवीस का बयान ऐसे वक्त पर आया है जब राज्य में निकाय चुनाव का शंखनाद होने की तैयारियां तेज हो गई हैं। सूत्रों की मानें तो राज्य चुनाव आयोग अक्टूबर महीने में चुनावी कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है और तीन चरणों में इलेक्शन कराए जाएंगे। पहले चरण में उत्तर और दक्षिण महाराष्ट्र में वोटिंग होगी। दूसरे चरण में विदर्भ, पश्चिम महाराष्ट्र और मराठवाड़ा की योजना बनाई जा रही है और तीसरे चरण में मुंबई, ठाणे और कोकण में मतदान होगा। चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे के अनुसार प्रशासनिक और राजनीतिक योजना के अनुसार 3 चरणों में चुनाव कराने की योजना बनाई जा रही है। इसमें प्रदेश में 29 मनपा, 257 नगर पालिकाओं, 26 जिला परिषदों और 288 पंचायत समितियों के लिए ये चुनाव अक्टूबर महीने में कराए जा सकते हैं।

## 2011 की जनगणना पर चुनाव

महाराष्ट्र के चुनाव आयुक्त वाघमारे के अनुसार वाडों की संरचना 2011 की जनगणना के अनुसार बनाई जाएगी। कुछ जगहों की संरचना और वार्ड की सीमाओं में बदलाव होगा। चुनाव आयोग के सूत्रों का कहना है कि निकाय चुनाव के लिए एक चरण में 1 लाख 50 हजार ईवीएम मशीनों की जरूरत होगी। आयोग के पास सिर्फ 65 हजार ईवीएम मशीनें हैं। इसलिए आयोग 3 चरणों में चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है।

# भारत आए पाकिस्तानी शख्स ने पहले पत्नी को मारा, फिर खुद कर लिया सुसाइड

मुंबई के खारघर में पाकिस्तान से कुछ महीने पहले एक आए शख्स ने पहले पत्नी की हत्या और फिर खुद सुसाइड कर लिया। इस घटना का खुलासा तब हुआ जब स्कूल से बच्चा लौटकर आया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फ्लैट कर गेट खुलवाया तो वहां पर दंपती लथपथ पड़े थे। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि दंपति पाकिस्तान वापस जाने की तैयारी कर रहे थे।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः मुंबई के खारघर में एक हैरानकर देने वाली घटना सामने आई है। पाकिस्तान के नागरिक ने पत्नी की हत्या करने के बाद सुसाइड कर लिया। पुलिस की जांच में सामने आया है कि पाकिस्तान से दंपती कुछ महीने पहले भारत आया था। पुलिस के मुताबिक, उसने जान क्यों दी, इसका सही कारण पता नहीं चला है। रिश्तेदारों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि दंपति आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे और पाकिस्तान वापस जाने की तैयारी कर रहे थे। गौरतलब हो कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान से हिंदुओं को जारी किए गए लॉन्ग स्टे वीजा (एलटीवी) को छोड़कर सभी पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा निलंबित कर दिए थे।

## पति की चल रही थी सांसें

मुंबई पुलिस के अनुसार नवी मुंबई के खारघर इलाके में सोमवार को एक 45 साल के पाकिस्तानी नागरिक ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी और खुद भी आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार इस घटना की खुलासा तब हुआ जब सोमवार की सुबह जब दंपति का छोटा बेटा स्कूल से लौटा। उसका बड़ा भाई अभी भी स्कूल में था। बच्चे ने खारघर सेक्टर-34 की बिल्डिंग में अपने फ्लैट का दरवाजा अंदर से बंद पाया।

# फास्ट ट्रैक

## तत्काल टिकिट में संशोधन आम यात्रियों के हित में महत्त्वपूर्ण निर्णय

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रेलवे प्रशासन द्वारा आम यात्रियों को तत्काल टिकिट योजना का लाभ सुनिश्चित कराने हेतु तत्काल टिकिट में निम्नलिखित महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैंः दिनांक 01 जुलाई 2025 से, तत्काल सुविधा के अंतर्गत टिकटों की बुकिंग केवल भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (IRCTC) की वेबसाइट या मोबाइल ऐप के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण वाले उपयोगकताओं द्वारा ही की जा सकेगी। इसके अतिरिक्त, दिनांक 15 जुलाई 2025 से, तत्काल टिकटों की बुकिंग के लिए आधार आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य कर दिया जाएगा। तत्काल टिकटों की बुकिंग रेलवे के कंप्यूटराइज्ड पीआरएस काउंटरों अथवा अधिकृत एजेंटों के माध्यम से सिस्टम द्वारा जनरेटेड ओटीपी के प्रमाणीकरण के बाद ही की जा सकेगी। यह ओटीपी उस मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा जो उपयोगकर्ता द्वारा बुकिंग के समय प्रदान किया गया होगा। यह व्यवस्था भी 15 जुलाई 2025 से लागू की जाएगी। रेलवे के अधिकृत टिकट एजेंटों को Tatkalबुकिंग के पहले दिन के टिकट बुक करने की अनुमति प्रारंभ के पहले 30 मिनट तक नहीं होगी। वातानुकूलित क्लास के तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति सुबह 10:00 बजे से 10:30 बजे तक अधिकृत एजेंटों को नहीं होगी। स्लीपर क्लास के तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति सुबह 11:00 बजे से 11:30 बजे तक अधिकृत एजेंटों को नहीं होगी। इन परिवर्तनों का उद्देश्य तत्काल सुविधा के माध्यम से टिकट बुक करने में पारदर्शिता लाना तथा आम यात्रियों को इसका अधिकतम लाभ प्रदान करना है।

## मध्य रेल पंढरपुर/मिरज के लिए 80 आषाढ़ी विशेष ट्रेन सेवाएं चलाएगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल दिनांक 01.07.2025 से 10.07.2025 तक पंढरपुर में आयोजित होने वाले आषाढ़ी मेले में आने वाले तीर्थयात्रियों के लाभ के लिए पंढरपुर और मिरज के लिए 80 आषाढ़ी विशेष ट्रेन सेवाएं चलाएगा।

विवरण इस प्रकार हैः

1. नागपुर-मिरज विशेष (4 सेवाएं)

ट्रेन संख्या 01205 विशेष दिनांक 04.7.2025 और 05.7.2025 को नागपुर से 08.50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11.55 बजे मिरज पहुंचेगी। (2 सेवा)

ट्रेन नंबर 01206 विशेष दिनांक 05.7.2025 और 06.7.2025 को मिरज से 12.55 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.25 बजे नागपुर पहुंचेगी। (2 सेवा)

ठहरावः अजनी, वर्धा, पुलगांव, धामनगांव, चंदूर, बडनेरा, मुर्तिजापुर, अकोला, शेगांव, मलकापुर, भुसावल, जलगांव, चालीसगांव, मनमाड, कोपरगांव, बेलापुर, अहमदनगर, दौंड, कुदुर्वाड़ी, पंढरपुर, सांगोला, म्हसोबा डोंगरगांव, जत रोड, ढालगांव, कवठे महांकाल, सलगरे और अरग

संरचनाः दो वातानुकूलित-3 टियर, 10 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सेकेंड सीटिंग और लगेज सह गार्ड ब्रेक वैन।

2. न्यू अमरावती-पंढरपुर विशेष (4 सेवाएं)

ट्रेन संख्या 01119 विशेष दिनांक 02.7.2025 और 05.7.2025 को 14.40 बजे न्यू अमरावती से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09.10 बजे पंढरपुर पहुंचेगी। (2 सेवा)

ट्रेन संख्या 01120 विशेष दिनांक 03.7.2025 और 06.7.2025 को पंढरपुर से 19.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.50 बजे न्यू अमरावती पहुंचेगी। (2 सेवा)

ठहराव : बडनेरा, मुर्तिजापुर, अकोला, शेगांव, जलंब, नांदुरा, मलकापुर, बोदवड, भुसावल, जलगांव, पचोरा, चालीसगांव, नंदगांव, मनमाड, कोपरगांव, बेलापुर, अहमदनगर, दौंड और कुदुर्वाड़ी।

# ट्रंप के इशारे पर रोका गया ऑपरेशन सिंदूर, नाना पटोले बोले- देश के सामने नहीं चलेगा मोदी जी का झूठ

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि इसका मतलब है कि यह बिल्कुल वैसा ही खेल था जैसा कि बच्चों द्वारा कंप्यूटर गेम खेला जाता है। हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाने वाले आतंकवादियों के बारे में प्रधानमंत्री ने क्यों नहीं बोला?

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईःमहाराष्ट्र कांग्रेस के बड़े नेता नाना पटोले ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया कि पहलगाम में हमारी 26 बहनों का सिंदूर मिटा दिया गया लेकिन आज तक आतंकी पकड़े नहीं गए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि व्यापार के लिए ऑपरेशन सिंदूर रोका गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कई बार कहा कि उन्होंने दोनों देशों (भारत और पाकिस्तान) को धमकी दी है कि वे (अमेरिका) उनके साथ व्यापार बंद कर देंगे, इसलिए उन्हें युद्ध विराम कर देना चाहिए। उनके इशारे पर ऑपरेशन सिंदूर रोका गया।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि इसका मतलब है कि यह बिल्कुल वैसा ही खेल था जैसा कि बच्चों द्वारा कंप्यूटर गेम खेला जाता है। हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाने वाले आतंकवादियों के बारे में प्रधानमंत्री ने क्यों नहीं बोला? यह देश के लोगों के लिए एक सवाल है। उन्होंने दावा किया कि ममता दीदी ने जो कहा, वह देश के लोगों के लिए चिंता का विषय है। प्रधानमंत्री बार-बार विदेश जाते हैं और देश के करदाताओं की गाढ़ी कमाई को खर्च करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के समय एक भी देश भारत के साथ क्यों नहीं खड़ा हुआ? लोग इस पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलवामा की घटना के बारे में हमें अभी भी नहीं पता, जबकि यह 2019 में हुई थी...मोदी जी दिनभर झूठ बोलते रहते हैं, लेकिन अब देश के सामने ये झूठ नहीं चलेगा। वहीं, कांग्रेस ने बुधवार को पूछा कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विदेश भेजे गए सात संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से मुलाकात करने के बाद अब पहलगाम घटना के बाद देश की सुरक्षा और विदेश नीति चुनौतियों पर संसद के मानसून सत्र में पूर्ण बहस कराने पर सहमत होंगे। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि यह स्वाभाविक था कि प्रधानमंत्री उन सभी 50 सांसदों से मिलें जो 32 देशों में गए इन सात प्रतिनिधिमंडलों के सदस्य थे। जहां तक हमारा सवाल है, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी। लेकिन हमारे पास केवल चार सरल प्रश्न हैं। हम चाहेंगे कि प्रधानमंत्री इन सवालों का जवाब दें। सवाल नंबर एक - प्रधानमंत्री सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता कब करेंगे और नेताओं से कब मिलेंगे ?कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जो आंतरिक और बाहरी सुरक्षा चुनौतियां सामने आई हैं

# 'सबके बाप हैं देवेंद्र फडणवीस'... नितेश राणे के बयान पर शिंदे सेना नाराज, सीएम ने भी दे दी नसीहत

नितेश राणे के बयान ने महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में दरार पैदा कर दी है। उनके बयान से शिंदे सेना नाराज है और मुख्यमंत्री फडणवीस ने उन्हें ऐसे बयानों से बचने की सलाह दी है। यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब बीजेपी और शिंदे सेना लोकल प्रोजेक्ट को मंजूरी देने को लेकर आपस में भिड़े हुए हैं।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र में निकाय चुनावों की घोषणा से पहले कैबिनेट मंत्री नीतेश राणे के बयान से महायुति गठबंधन में बवाल हो गया। शिवसेना (शिंदे) की नाराजगी इस कदर बढ़ी कि खुद सीएम देवेंद्र फडणवीस को आगे आकर नसीहत देनी पड़ी। इससे भी बात नहीं बनी तो नितेश राणे के पिता नारायण राणे ने भी बेटे के कान खींचे।

## राणे ने कही थी ये बात

पिछले शनिवार को धाराशिव में एक कार्यक्रम में नितेश राणे ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री बीजेपी से हैं और महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री भी बीजेपी से हैं। इसलिए कोई भी ताकत दिखाए, महाराष्ट्र में सबके बाप देवेंद्र फडणवीस ही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भले ही पूरे राज्य के हैं, लेकिन उन्होंने देखा कि धाराशिव में बीजेपी कार्यकताओं के साथ अन्याय हो रहा है तो तुरंत डीपीसीसी की लिस्ट रद्द कर दी और कार्यकताओं को ताकत दी। यही देवेंद्र फडणवीस होने का मतलब है। राणे ने यह कहकर विवाद और बढ़ा दिया कि 2029 तक धाराशिव जिले के सभी चार एमएलए भारतीय जनता पार्टी से होने चाहिए। यही वह विजन है जिस पर हम काम कर रहे हैं। इसके लिए हमें देवेंद्र फडणवीस जैसे का समर्थन प्राप्त है।

## प्रताप सरनाईक को टारगेट किया

माना गया कि नितेश राणे ने ऐसे बयान देकर धाराशिव के संरक्षक मंत्री और शिंदे सेना के नेता प्रताप सरनाईक को टारगेट किया। इससे महायुति गठबंधन में खलबली मच गई। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के कुछ मंत्रियों ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक के दौरान इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान गठबंधन के लिए ठीक नहीं है। मामला गरमाया तो सीएम फडणवीस सामने आए और नितेश राणे को ऐसे बयानों से बचने की सलाह दी।

# महाप्रबंधक ने सिहोरा रोड स्टेशन पर संरक्षा एवं यात्री सुविधाओं का किया निरीक्षण

### पुनर्विकास कार्य एवं अन्य अधोसरंचनात्मक निर्माण कार्यों के बारे में भी लिया जायजा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर । पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने जबलपुर मंडल के जबलपुर-कटनी रेलखण्ड के बीच स्थित सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन पर संरक्षा एवं यात्री सुविधाओं सहित अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे पुनर्विकास कार्यों एवं अन्य अधोसरंचनात्मक निर्माण कार्यों का सघन निरीक्षण किया। बुधवार 11 जून 2025 को महाप्रबंधक श्रीमती बंदोपाध्याय ने पमरे मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर श्री कमल कुमार तलरेजा सहित मण्डल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन पर रेल पथ, ओएचई एवं सिग्नल प्रणाली का निरीक्षण किया एवं रेल अधिकारियों को रेलवे की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पश्चिम मध्य रेलवे में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कुल 47 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। जिसमें जबलपुर मण्डल में कुल 15 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास शामिल है। सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास रुपए 25.62 करोड़ लागत से किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्य की प्रगति की समीक्षा की, स्टेशनों के सरंक्षा सम्बन्धी विकास कार्यों और स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, सफाई व्यवस्था एवं सकुर्लेटिंग एरिया का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने यात्री सुविधाओं एवं पुर्नविकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक श्रीमती बंदोपाध्याय अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत शामिल सिहोरा रोड स्टेशन ले-आउट प्लान एवं स्टेशन पर 12 मीटर बनने वाले फुट ओवर ब्रिज के प्लान का भी अवलोकन किया।

प्लेटफार्म पर नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालय निर्माण, दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध सुविधाएं, लिफ्ट एवं पैनल रूम, आरपीएफ थाना का निरीक्षण करते हुए वहां लगे सीसीटीवी कैमरे इत्यादि का निरीक्षण किया। इसके साथ ही स्टेशन पर अन्य यात्री सुविधाओं के विस्तार हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना फेस 2 के अंतर्गत कार्यों की रूपरेखा बनाई जाने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इसके पश्चात महाप्रबंधक ने स्टेशन पर हो रहे अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक संरचना के विकास कार्य का निरीक्षण कर अवलोकन करते हुए प्रतीक्षालयों के आसपास एवं स्टेशन एरिया में ड्रेनेज की उचित व्यवस्था किए जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।संरक्षा की दृष्टि से सिहोरा स्टेशन के पैनल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक जी ने स्टेशन मास्टर, पॉइंट्स मैन एवं अन्य स्टाफ के साथ संवाद करते हुए संरक्षा से सम्बंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी प्रकार सिग्नल स्टाफ के बीच उपस्थित होकर उनसे चर्चा करते हुए संरक्षा की जानकारियों से रूबरू हुई। अधोसंरचनात्मक निर्माण के तहत स्टेशन पर बने बुकिंग काउंटर सहित सकुर्लेटिंग एरिया, स्टेशन बिल्डिंग एरिया, प्लेटफार्म पर बनी नई लिफ्ट का निरीक्षण किया। साथ ही स्टेशन पर बने कार्यालय का निरीक्षण और प्लेटफार्म के दोनों छोर पर यात्रियों को बैठने की व्यवस्था एवं स्टेशन पर प्लेटफॉर्म शेड व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अन्य अधोसरंचनात्मक निर्माण कार्यों के अंतर्गत चल रहे एलएचएस (लाइट हाइट सबवे) निर्माण कार्य का भी निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पमरे मुख्यालय से प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री आशुतोष, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर श्री मुकेश सहित जबलपुर मण्डल के मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा, अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री आनंद कुमार, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट, वरिष्ठ मण्डल अभियंता (समन्वय) सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। अमृत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास हेतु अधोसंरचनात्मक कार्यो को गति प्रदान करने के लिए रेलवे कृतसंकल्पित है।

# मुंबई में आम आदमी के लिए घर का सपना होगा साकार, सिडको की नई योजना से मिलेगी राहत

मुंबई और आसपास के शहरों में घर खरीदने वालों की संख्या बहुत ज्यादा है। महानगर मुंबई या आसपास के शहरों में घरों की कीमतें आसमान छू रही हैं। ऐसे में आम लोगों के लिए इस इलाके में घर खरीदना बस एक सपना बनकर रह गया है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुंबई और आसपास के शहरों में घर खरीदना हर किसी का सपना होता है। हालांकि ऐसी चाह रखने वालों की संख्या बहुत ज्यादा है। महानगर मुंबई या आसपास के शहरों में घरों की कीमतें आसमान छू रही हैं। ऐसे में आम कामगारों के लिए इस इलाके में घर खरीदना बस एक सपना बनकर रह गया है। लेकिन आम आदमी के सपने को पूरा करने के लिए सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (सिडको) ने भी म्हाडा के बाद लॉटरी की घोषणा की है। नवी मुंबई में मिलेंगे सस्ते घरनवी मुंबई में नए बने एयरपोर्ट और सड़क नेटवर्क के तेजी से विकास के साथ ही नवी मुंबई में प्रॉपर्टी की कीमतें आसमान छू रही हैं।


## पश्चिम रेलवे
### विद्युत कार्य

वरि. डीईई/पी / बीसीटी, मुंबई सेंट्रल, मुंबई द्वारा **निविदा सूचना क्रमांक : ईएल-81-914-डब्ल्यूए-20, दिनांक 06.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान : विरार - सूरत :** सार्वजनिक भवन / स्टेशन में दिव्यांगजन हेतु सुलभता सुविधा, शौचालय, नल, ब्रेल साइनेजेस उपलब्ध कराने के संबंध में विद्युत (पावर) कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 18,46,457/-. **ईएमडी :** रु. 36,900/-. **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :** 03.07.2025 को 15:00 बजे तक. **निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** 03.07.2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0241

Like us on : facebook.com/WesternRly

## मध्य रेल
### ई - निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल बिजली ईंजीनियर (कर्षण वितरण), मध्य रेल, नागपुर, निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी ठेकेदारों से डिजिटली हस्ताक्षरित ऑनलाइन ओपन ई-निविदा आमंत्रित करते है। **ई-निविदा सूचना क्रमांक: NGP-ELECT-TRD-2025-26-07R, दिनांक 09.06.2025. कार्य का नाम:** मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में एडीईई/टीआरडी/वरोरा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विश्वसनीयता और सुरक्षा में सुधार के लिए सिल्वर ब्रेज़्ड ज्वाइंट वाले मेसर्स निक्को मेक कॉन्टैक्ट वायर का प्रतिस्थापन का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 1,81,10,090.75 (रु. एक करोड़ ईकयास्सी लाख, दस हज़ार, नब्बे रुपये और पंचयात्तर पैसे मात्र)। **बयाना राशि:** रु. 2,40,600/- (रु. दो लाख चालीस हजार छः सौ रूपये मात्र)। **निविदा बंद होने की तारिख एवं समय:** 03.07.2025 @ 15:00 Hrs. **वेबसाईट:** इस ई-निविदा की अधिक जानकारी तथा ई-टेंडरींग / ऑनलाइन भाग हेतु संपूर्ण सूचना रेल्वे वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (टी.आर.डी.), मध्य रेल, नागपुर**
AK/05/81

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

## पश्चिम रेलवे
### विविध कार्य

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कोचिंग), मुंबई सेंट्रल – 400008 द्वारा निम्नलिखित निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **अ.क्र.: 1. निविदा सूचना क्रमांक : डब्ल्यूआर-एमएमसीटी 0ईसीओए (ईसीटीडी)/12/2025 ओ/ओ एसआरडीईई/सीएचजी/एमएमसीटी/डब्ल्यूआर (कंप्यूटर क्रमांक 623487), दिनांक : 09.06.2025. कार्य का नाम :** कमिन्स इंजन सीपीसीबी-I डीजल इंजन मॉडल केएटी जी4/5 – कमिन्स इंजन क्रमांक 25294970-पीसी 048550-सेट ए, 25316156-पीसी 068511-सेट ए, 25291686-पीसी 068511-सेट बी की मरम्मत, फिटमेंट, परीक्षण एवं क्रियान्वयन का कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 47,15,088/-. **बोली सुरक्षा राशि :** रु. 94,300/- . **अ.क्र.: 2. निविदा सूचना क्रमांक : डब्ल्यूआर-एमएमसीटी 0ईसीओए (ईसीटीडी)/13/2025 ओ/ओ एसआरडीईई/सीएचजी/एमएमसीटी/डब्ल्यूआर (कंप्यूटर क्रमांक 625580), दिनांक : 09.06.2025. कार्य का नाम :** ग्रीव्स कॉटन इंजन सीपीसीबी-II डीजल इंजन क्रमांक 1309121812279 एवं सीपीसीबी-I क्रमांक 3317121011245 की मरम्मत, फिटमेंट, परीक्षण एवं क्रियान्वयन का कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 34,46,743.40. **बोली सुरक्षा राशि :** रु. 68,900/-. **दोनों निविदाओं की जमा करने की तिथि एवं समय :** 07.07.2025 को 15:00 बजे तक. दोनों निविदाओं के खोलने की तिथि एवं समय : 07.07.2025 को 15:30 बजे. विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0245

Like us on : facebook.com/WesternRly

## मध्य रेलवे
### निविदा सूचना क्रमांक : डीआरएम-डब्ल्यू-पीए-ई-निविदा-2025-एस-9 दिनांक 10.06.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (वर्क्स), मध्य रेल, पुणे द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : एस-9 – पुणे-मिरज-कोल्हापुर – पुणे मंडल में एडीईएन/एस/पुणे एवं एडीईएन/मिरज के अधीन रात्रिकालीन गश्त, ठंड के मौसम की गश्त एवं मानसून गश्त हेतु साथ कार्य करने के लिए श्रमिकों की नियुक्ति. (पुनः आमंत्रण) **एनआईटी का मूल्य :** रु. 70,96,921.69, **बोली सुरक्षा मूल्य :** रु. 1,41,900/-, **पूर्णता अवधि :** 06 (छह) माह. **टिप्पणी : I)** उपरोक्त निविदाओं की निविदा समापन तिथि एवं समय : 02.07.2025 को अपराह्न 15:15 बजे तक. **II)** इच्छुक निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवश्य अवलोकन करें. **III)** उपरोक्त ई-निविदा में केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ही इलेक्ट्रॉनिकली भाग लिया जा सकता है और ई-निविदा के समक्ष मैनुअल प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं है. यदि मैनुअल प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, तो उसे न खोला जाएगा और न ही विचार में लिया जाएगा. **IV)** किसी भी अन्य जानकारी के लिए, मंडल रेल प्रबंधक (वर्क्स) कार्यालय, मध्य रेल, पुणे से दूरभाष क्रमांक 020-26059017 पर संपर्क करें. **V)** जो निविदाकर्ता निविदा खोलते समय उपस्थित रहना चाहें, वे ऐसा कर सकते हैं.

एके-43 **डीआरएम (वर्क्स), पुणे**

Unauthorized crossing of railway line is a punishable offense

## मध्य रेल
### केबलों की मरम्मत और बहाली

**खुली निविदा सूचना स. BB.LD.583.P.Rev. 25/07. Cont दिनांक 05.06.2025. कार्य का नाम:** मुंबई डिवीजन में दो वर्ष की अवधि के लिए 22 केवी / 2.2 केवी केबलों की मरम्मत और बहाली। **अनुमानित लागत:** रु. 66,09,660/-. **बिड सिक्योरिटी:** रु. 1,32,200/-. **ऑफर की वैधता:** 60 दिन। **समापन अवधि:** 24 महीने। **निविदा फार्म का मूल्य:** रु.0/-. **I) उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय दिनांक 27.06.2025 को 11:00 बजे तक, और 11:00 बजे के बाद खोला जाएगा। II)** शुद्धिपत्रक के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है । **III)** केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से उपर्युक्त इलेक्टॉनिकलि ई- टेन्डर में निविदाधारक सहभाग ले सकते है और ई- टेन्डर के अलावा हस्तचलित प्रस्तुत करने का निवेदन देने की अनुमति नही है । हस्तचलित रूप से, यदि निविदा खुलने के बाद की प्रस्तुति का विचार नही किया जाएगा। **IV)** निविदा दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार बिड सिक्योरिटी का भुगतान किया जाना चाहिए। **V)** अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्स भवन, सीएसएमटी मुंबई - 400001. फोन 022-22612355. निवीदाओं संबंधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विदयुत अभियंता वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्स भवन, सीएसएमटी मुंबई - 400001 के "नोटिस बोर्ड" पर भी उपलब्ध है।

AK-160

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

## वॉक-इन-इंटरव्यू
### आयुष अंतर्गत होम्योपैथी चिकित्सक की नियुक्ति जगजीवन राम अस्पताल, मुंबई सेंट्रल

**अधिसूचना क्रमांक : ई/एसबीएफ/1075/48, दिनांक 29.05.2025**

पश्चिम रेलवे के स्टाफ बेनिफिट फंड के तत्वावधान में जगजीवन राम अस्पताल, मुंबई सेंट्रल में आयुष के अंतर्गत 8 घंटे (पूर्णकालिक) मानद होम्योपैथ चिकित्सक की नियुक्ति.

जगजीवन राम अस्पताल, मुंबई सेंट्रल में होम्योपैथी में 8 घंटे (पूर्णकालिक) चिकित्सक के पद के लिए प्रति माह समेकित मानदेय रु.75,000/- पर बिना किसी अतिरिक्त भत्ते के नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना चाहिए. सभी प्रमाणपत्रों की प्रमाणित प्रतियों के साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें.

जिन उम्मीदवारों ने पूर्व में आवेदन नहीं किया है, वे भी नीचे दिए गए दिनांक व स्थान पर सुबह 10:00 बजे निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र, सभी संलग्नकों एवं मूल प्रमाणपत्रों के साथ वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु उपस्थित हो सकते हैं.

वॉक-इन-इंटरव्यू इस प्रकार आयोजित किया जाएगाः

| दिन और तारीख | स्थान | रिपोर्ट करें |
| --- | --- | --- |
| शुक्रवार, 27 जून 2025 | पश्चिम रेलवे मुख्यालय कार्यालय, पुरानी इमारत, 2री मंजिल, 'संवाद' हॉल, चर्चगेट, मुंबई-20 | डि.सीपीओ (कल्याण एवं बिल), चर्चगेट, मुंबई |

शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव, आयु सीमा, नियम व शर्तें, आवेदन का प्रारूप एवं प्रक्रिया आदि संबंधी विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट **wr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध **अधिसूचना क्रमांक ई/एसबीएफ/1075/48, दिनांक** 29.05.2025 में देखी जा सकती है.

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in

0244

Like us on: facebook.com/WesternRly | Follow us on: twitter.com/WesternRly

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका
### वृक्ष प्राधिकरण
### सार्वजनिक सूचना

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं जतन अधिनियम 1975 (24 जून 2021 तक संशोधित अनुसार) की धारा 8 (3) (सी) अंतर्गत प्रावधानों के अनुपालन में परिमंडल - VII में आर/उत्तर वार्ड से 01 प्रस्ताव अर्थात वृक्ष निष्कासन हेतु, कुल 01 प्रस्ताव उक्त अधिनियम की धारा (8) की उपधारा (6) अंतर्गत मनपा आयुक्त, चेयरमैन, वृक्ष प्राधिकरण एमसीजीएम की मंजूरी हेतु प्राप्त हुए हैं.

उपरोक्त प्रस्तावों के अंतर्गत वृक्षों की कटाई/पुनर्रोपण करने बाबत विस्तृत जानकारी म.न.पा. की एमसीजीएम वेबसाइट - www.mcgm.gov.in – About us ward / Department – Department manuals – Gardens & Tree Authority – WS282-R/North पर उपलब्ध है.

हस्ता./-
**उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी,**
उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी, वृक्ष प्राधिकरण
पेंग्विन इमारत, 2री मंजिल, वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मार्ग, भायखला (पूर्व), मुंबई – 400 027
दूरभाष क्र. 23742162
ईमेल : sg.gardens@mcgm.gov.in

पीआरओ/645/विज्ञा./2025-26

जलजन्य बीमारियों से बचाव के लिये पानी उबालकर और छानकर पियें.

# ठेकेदार के खिलाफ पुलिस आयुक्त से कार्रवाई की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , मराठा क्रांति मोर्चा- सकल मराठा समाज के रमेश आम्ब्रे, अजीत चव्हाण और राजदीप खानगांवकर के एक प्रतिनिधिमंडल ने ठाणे मनपा के वर्तकनगर वार्ड समिति की सीमा के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 में राजमाता जीजाऊ उद्यान के नाम के मेहराब को तोड़ने वाले ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उसका नाम मनपा की काली सूची में डालने की मांग मनपा से की है। कोकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक एडवोकेट निरंजन डावखरे के विधायक निधि से स्थानीय नगर सेविका स्नेहा आम्ब्रे की अवधारणा के आधार पर राजमाता जीजाऊ उद्यान का निर्माण किया गया है। इस उद्यान के माध्यम से राजमाता जीजाऊ को श्रद्धांजलि दी गई है। ऐसी स्थिति में, वहां काम करते समय, ठेकेदार ने बिना किसी सावधानी के, उद्यान के मेहराब को तोड़ दिया और राजमाता जीजाऊ का अपमान किया। इस मुद्दे को लेकर पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की गई है।



# ठाणे-बोरीवली सुरंग को मुल्लाबाग की बजाय सत्यशंकर दीवार तक बढ़ाया जाएगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , ठाणे के मुल्लाबाग में इमारतों में रहने वाले निवासियों को मुंबई-ठाणे-बोरीवली सुरंग परियोजना के कारण होने वाली असुविधा को दूर करने का निर्णय लिया गया है। ठाणे-बोरीवली के बीच बनने वाली सुरंग को मुल्लाबाग की बजाय सत्यशंकर दीवार तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय से स्थानीय निवासियों को यातायात की भीड़ से राहत मिलेगी। धूल और ध्वनि प्रदूषण के कारण होने वाली असुविधा को कम करने के लिए राडार रोड को बंद कन्वेयर बेल्ट के जरिए ले जाने का भी निर्णय लिया गया है। ठाणे के घोड़बंदर में पांच इमारतों के निवासियों ने ठाणे-बोरीवली सुरंग के काम का विरोध किया था। इस कार्य के कारण होने वाले बढ़ते धूल प्रदूषण और प्रतिदिन 300 से 500 डंपरों के आवागमन के कारण यहां के निवासियों ने मुल्लाबाग में सुरंग के काम को तत्काल रोकने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। निवासियों के इस विरोध को ध्यान में रखते हुए सांसद नरेश म्हस्के की पहल पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को सह्याद्री गेस्ट हाउस में इस मुद्दे पर एक विशेष बैठक की। बैठक में ठाणे के सांसद नरेश म्हस्के, एमएमआरडीए आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी, ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव और मुल्लाबाग निवासी संघ के सदस्य तथा युवा सेना के प्रतिनिधि नितिन लांडगे, राकेश मोदी, आशुतोष शिरोडकर, गौतम दिघे, पल्लवी शेट्ये, पंकज ताम्हाणे, नितिन सिंह, दीपक पांडे, केतन खेडेकर, भिड़े काका, मधुरेश सिंह, विजय जौहरकर, दिलीप पुजारी, संतोष सावंत, शरद वारस्कर, जयवंत धाने आदि हाउसिंग कॉम्प्लेक्स की ओर से उपस्थित थे। इस बैठक में मुख्य रूप से मुल्लाबाग निवासी संघ के प्रतिनिधियों की बात सुनी गई तथा उनकी समस्याओं को समझा गया। उसके बाद उनकी मांग के अनुसार इस सुरंग को मुल्लाबाग के बजाय सत्यशंकर दीवार तक विस्तारित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही इस मार्ग पर यातायात की भीड़भाड़ तथा वायु प्रदूषण को कम करने के लिए वर्तमान में कन्वेयर बेल्ट पर परिवहन की जा रही सड़क को ढककर परिवहन करने का निर्णय लिया गया। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने इस बैठक में एमएमआरडीए की ओर से एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए, जो यह देखेगा कि यह कार्य समय पर हुआ है या नहीं। इसके साथ ही यूनीपेक्स कंपनी की जमीन से डीपी रोड प्रस्तावित है और भविष्य में यहां की बढ़ती आबादी को देखते हुए इस जमीन का अधिग्रहण किया जाना चाहिए और इस सड़क का निर्माण भी जल्द से जल्द किया जाना चाहिए और इस परियोजना के लिए ठाणे महानगरपालिका द्वारा अधिग्रहित की जाने वाली यूनीपेक्स कंपनी की जमीन का भी जल्द से जल्द अधिग्रहण किया जाना चाहिए।

फास्ट ट्रैक

# वाटर पार्क में युवक की मौत

## पुवायां में गहरे कुंड में डूबने से गई जान, पार्क को किया बंद

शाहजहांपुर, खुटार थाना क्षेत्र स्थित वाटर पार्क में एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान पीलीभीत के बिलसंडा के मोहल्ला भारतगंज निवासी 26 वर्षीय शाहिद के रूप में हुई है। शाहिद अपने दोस्तों के साथ बांदा रोड स्थित नगरा गांव के पास बने वाटर पार्क में नहाने आए थे। नहाते समय उनका पैर फिसल गया और वह गहरे कुंड में चले गए। वाटर पार्क के मालिक ने तुरंत शाहिद को बाहर निकाला और 108 एम्बुलेंस से खुटार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही थाना खुटार प्रभारी राजेंद्र रावत मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच शुरू की और वाटर पार्क को बंद करवा दिया। पुलिस ने मृतक के परिवार को सूचित कर दिया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच में सामने आया कि जिले में कई वाटर पार्क बिना अनुमति के चल रहे हैं। इनमें सुरक्षा के मानक पूरे नहीं हैं। अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यह घटना वाटर पार्क में सुरक्षा व्यवस्था की कमी को दशार्ती है।



# नशे के आदी युवक की मौत

## होटल की दीवार के पास मिला शव, पत्नी से अलग रहने के कारण परेशान था

शाहजहांपुर, तिलहर कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे स्थित एक होटल की दीवार के पास एक युवक का शव मिला। मृतक की पहचान ग्राम परवेज निवासी अतुल कुमार उर्फ सोनी के रूप में हुई। वह रामविलास का पुत्र था। स्थानीय पुलिस को नगरिया मोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र में एक व्यक्ति के बेसुध पड़े होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार तोमर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांच शुरू की। पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव और एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची। मृतक के पिता रामविलास ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा नशे का आदी था। उनके पुत्र की पत्नी कई वर्षों से अलग रह रही थी। इस कारण वह तनाव में रहता था। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मौत का कारण अत्यधिक नशा प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।



# सड़क हादसे में बच्चे की मौत

## अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को रौंदा, चालक की तलाश जारी

शाहजहांपुर, तिलहर कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। ग्राम बंथरा निवासी 13 वर्षीय सुमित की साइकिल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसा ग्राम कपसेड़ा के पास हुआ। सुमित साइकिल से तिलहर नगर की ओर जा रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# अनधिकृत इमारतों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के लिए ठाणे कांग्रेस ने की भूख हड़ताल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे , ठाणे शहर में खुलेआम अवैध निर्माण चल रहा है और प्रशासन जानबूझकर इसे नजरअंदाज कर रहा है। इस बारे में कई बार लिखित शिकायत करने के बावजूद भी अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं करते हैं, बल्कि अधिकारी हफ्ता वसूल रहे हैं। कुछ दिनों पहले ठाणे कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण के नेतृत्व में प्रशासन में बैठे ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों की अनधिकृत निमार्णों को संरक्षण देने की भूमिका के खिलाफ वर्तक नगर प्रभाग समिति कार्यालय के सामने भूख हड़ताल की गई। इस आंदोलन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने प्रभाग समिति के पास नाले पर बनी एक अनधिकृत इमारत को तुरंत गिरा दिया। इमारत को पूरी तरह से गिराने और अन्य इमारतों के खिलाफ भी कार्रवाई करने का लिखित आश्वासन दिया। हालांकि, हकीकत में प्रभाग समिति से पैदल दूरी पर स्थित और नाले पर बनी इस इमारत को संरक्षित किए जाने से ठाणे कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण ने कहा कि जब तक इस इमारत को गिराया नहीं जाता और प्रशासन अन्य अनधिकृत निमार्णों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करता, तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगी। इस समय प्रभाग समिति के सामने चल रही भूख हड़ताल की दूसरी कड़ी के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि वर्तक नगर चौकी पर पीपीपी योजना की घोषणा हुए चार साल हो चुके हैं। इस संबंध में महासभा द्वारा प्रस्ताव पारित किया जा चुका है और आयुक्त की मंजूरी भी मिल चुकी है। लेकिन राजनीतिक दबाव के कारण उस स्थान पर अनधिकृत निमार्णों को नहीं तोड़ा जा रहा है। इसलिए यह शर्म की बात है कि वरिष्ठ नागरिकों को न्याय के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। अगर उन्हें भी न्याय नहीं मिला तो मैं आयुक्त कार्यालय के सामने भूख हड़ताल पर बैठूंगा। इसलिए मैंने मांग की है कि उन सभी अधिकारियों की जांच की जाए जो लगातार अनधिकृत निमार्णों को आश्रय दे रहे हैं। वे अपना घर भर रहे हैं और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर ठाणे कांग्रेस के प्रवक्ता राहुल पिंगले सहित महेंद्र म्हात्रे, निशिकांत कोली, भालचंद्र महाडिक, रवि कोली, स्मिता वैती, संगीता कोटाल, विनीत तिवारी, अजिंक्य भोईर, नीलेश पाटिल, राजू शेट्टी और अन्य पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जल्द ही स्मार्ट ई-बसें एसटी बेड़े में शामिल होंगी: प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे, एआई तकनीक पर आधारित एकीकृत सुरक्षा प्रणाली वाली स्मार्ट ई-बसें जल्द ही एसटी बेड़े में शामिल होंगी। ऐसा विश्वास परिवहन मंत्री और एसटी निगम के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने व्यक्त किया है। वे पुणे में स्मार्ट ई-बसों की प्रस्तुति के अवसर पर बात करते हुए यह जानकारी दी। मंत्री सरनाईक ने कहा कि एसटी निगम ने भी ई-वाहनों को बढ़ावा देने की राज्य सरकार की नीति को अपनाया है और भविष्य में खरीदी जाने वाली 5,000 स्वयं स्वामित्व वाली बसों में से हर साल कम से कम 1,000 बसें खरीदने का निर्णय लिया है। बेशक, इन ई-बसों में एआई तकनीक पर आधारित एकीकृत सुरक्षा प्रणाली भी होनी चाहिए। हमने संबंधित बस निमार्ता कंपनी को निर्देश दिया है कि वे एआई तकनीक पर आधारित एकीकृत सुरक्षा प्रणाली से लैस हों। उन्होंने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के लिए तैयार स्मार्ट ई-बसें प्रस्तुत कीं। नई ई-बसों में ए.आई. होगा जो ड्राइवरों की हरकतों पर नजर रखेगा। तकनीक आधारित सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। अगर ड्राइवर मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रहा है या गाड़ी चला रहा है, तो ये कैमरे उसके पीछे बैठे यात्रियों को सचेत करेंगे और चेतावनी अलार्म भी बजेगा, यह सिस्टम नई स्मार्ट ई-बसों में लगाया जाएगा। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की हरकतों पर नजर रखने के लिए बस में दो सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। मंत्री सरनाईक ने राय जताई कि बस में अचानक आग लगने की स्थिति में कम समय में आग बुझाने के लिए फोम बेस फायर एक्सटिंग्विशिंग सिस्टम लगाया जाना चाहिए। इसके साथ ही स्वर्गेट की घटना के बाद बंद बस को किसी बाहरी हस्तक्षेप के कारण नहीं खोला जाएगा। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि नई स्मार्ट ई-बसों में एक सिस्टम भी लगाया जाएगा ताकि ऐसा प्रयास होने पर चेतावनी अलार्म बज जाए।




# होटल की दीवार के पास मिला शव

- शराब की लत के कारण पत्नी छोड़कर गई थी, परिवार के लोग भी नहीं रखते थे मतलब

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना तिलहर क्षेत्र में एक होटल की दीवार के पास 30 वर्षीय युवक का शव मिला। मृतक की पहचान परवेजपुर निवासी अतुल कुमार के रूप में हुई है। एक बजे नगरिया मोड़ स्थित एक होटल की दीवार के पास स्थानीय लोगों ने शव देखा। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। होटल मालिक ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात भी अतुल आसपास घूम रहा था। उसने परिवार को फोन कर सूचना दी थी, लेकिन कोई नहीं आया। पुलिस ने शुरू की मामले की जांच पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि अतुल शराब का आदी था। कुछ समय पहले उसकी पत्नी ने उसका साथ छोड़ दिया था वह चली गई थी । इसके बाद से वह शराब पीकर इधर-उधर घूमता रहता था। परिवार के लोग भी उससे ज्यादा संपर्क नहीं रखते थे। सीओ तिलहर ज्योति यादव ने बताया कि प्राथमिक जांच में शराब की लत सामने आई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा।



# दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर

## हादसे में 5 लोग घायल, सभी जिला अस्पताल रेफर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कलान, कलान में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोग घायल हो गए। घायलों में दो बच्चे भी शामिल हैं। परौर थाना क्षेत्र के ग्राम कादराबाद निवासी ऋषिपाल कुबेरपुर ईंट भट्टे से अपने घर जा रहा था। उसी समय थाना मदनापुर क्षेत्र के ग्राम पिएरिया निवासी रामाधार कुबेरपुर की तरफ आ रहा था। बर्खेमई मोड पर दोनों बाइकें टकरा गईं। हादसे में कादराबाद निवासी ऋषिपाल (55) और महादेव (12) घायल हुए। साथ ही पिएरिया निवासी रामाधार (35), बृग्रभान (60) और अजब सिंह (5) भी घायल हो गए। परौर पुलिस ने एम्बुलेंस को सूचना दी। सभी घायलों को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।




# बिजली के जर्जर तारों से व्यापारियों में आक्रोश

- दुकान में आग लगने के बाद तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर , जलालाबाद में बिजली की जर्जर लाइनों से व्यापारियों में आक्रोश है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के स्थानीय अध्यक्ष पी के पांडे के नेतृत्व में व्यापारियों ने तहसीलदार पैगाम हैदर को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने बताया कि नगर के बाजार गंज में बिजली की जर्जर लाइन दुकानों के ऊपर से गुजर रही है। इन लाइनों के तार अक्सर दुकानों और तिरपाल पर गिरते हैं। इससे आग लगने की घटनाएं होती रहती हैं। व्यापारियों को इससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। हाल ही में एक घटना में मोहल्ला गौसनगर निवासी नजर बेग की दुकान पर रात साढ़े 9 बजे बिजली का तार टूट कर गिरा। इससे दुकान में आग लग गई। टीन शेड और अन्य सामान जल गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आग पर काबू पाया। व्यापारियों ने मांग की है कि बिजली की लाइन को सड़क के पास से ले जाया जाए। तहसीलदार ने बिजली विभाग के अभियंता को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।



# नदी किनारे मिला अज्ञात शव

## युवक की पहचान के लिए पुलिस जुटी, पोस्टमार्टम के लिए भेजा



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, डैम रोड स्थित ककरा पुल के नीचे नदी किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिला। सुबह के समय राहगीरों ने पानी में उतराते शव को देखा। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। चौक कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाया। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए उसके कपड़ों की तलाशी ली। आसपास के निवासियों को बुलाकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया। लेकिन अभी तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। चौक कोतवाली के इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान के लिए आगे की कार्रवाई जारी है।

# भाजपा पार्षद के बेटे पर छेड़छाड़ का आरोप

## पीड़िता के परिवार पर लाठी-डंडों से हमला, हंगामे का वीडियो आया सामने

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक भाजपा पार्षद के बेटे पर युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। एक युवती पड़ोस की किराना दुकान पर बच्चे के लिए आइसक्रीम लेने गई थी। पीड़िता की शिकायत के अनुसार, दुकानदार ने आइसक्रीम देते समय उसके साथ आपत्तिजनक व्यवहार किया। उसने गलत तरीके से छूने का प्रयास किया। युवती के विरोध करने पर वह जबरदस्ती करने लगा। पीड़िता की आवाज सुनकर उसके परिजन मौके पर पहुंच गए।

पीड़िता के परिवार पर किया हमला

इसी दौरान आरोपी के पिता, जो एक भाजपा पार्षद हैं, समेत परिवार के अन्य लोग लाठी-डंडे लेकर बाहर आ गए। उन्होंने पीड़िता के परिवार पर हमला कर दिया। इस हमले में पीड़िता का भाई घायल हुआ है। आरोपियों ने परिवार को जान से मारने और मोहल्ला छोड़ने की धमकी भी दी। पुलिस ने नहीं की कार्रवाई घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसमें भाजपा पार्षद भी डंडा लिए हुए दिख रहे हैं। कई घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। सदर इंस्पेक्टर मामले पर कोई जानकारी देने से बच रहे हैं।

सीओ सिटी पंकज पंत ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली है और घटना की जांच की जा रही है।




# दुकान के बाहर पिलर बनाने को लेकर विवाद



- शाहजहांपुर में दो पक्षों में मारपीट, मेन बाजार में एक दूसरे पर फेंके ईट-पत्थर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, खुटार मेन मार्केट में दुकान के बाहर पिलर बनाने को लेकर दो दुकानदारों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। इंडिया बेकरी के मालिक आसिफ अली अपनी दुकान के जर्जर छज्जे की मरम्मत के लिए पिलर बना रहे थे। पड़ोसी दुकानदार नौशाद ने इसका विरोध किया। दोनों पक्ष पहले थाने पहुंचे, जहां एक स्थानीय नेता की मध्यस्थता से समझौता हुआ। समझौते के बाद जब एक पक्ष ने निर्माण कार्य शुरू किया, तो दूसरा पक्ष अपने साथियों के साथ वहां पहुंच गया। गाली-गलौज से शुरू हुआ विवाद हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला किया। बाजार में सड़क पर दोनो पक्षों ने एक दूसरे पर ईंट-पत्थर फेंके गए। इस दौरान कई बाइक और दुकानों के काउंटर क्षतिग्रस्त हो गए। कई लोग के घायल होने की सूचना है। मेन मार्केट में करीब एक घंटे तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। थाना प्रभारी ने कहा कि दोनो पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सीओ पुवायां ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प ने अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड डील का ऐलान किया

## यूएस को रेयर अर्थ मटेरियल मिलेगा, बदले में चीनी छात्र अमेरिकी कॉलेज में पढ़ेंगे



एजेंसी

लंदन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड डील समझौते की घोषणा की। इस समझौते के तहत चीन अब अमेरिकी कंपनियों को रेयर अर्थ मटेरियल की आपूर्ति करेगा। रेयर अर्थ मटेरियल तकनीकी उपकरण, स्मार्टफोन और इलेक्ट्रिक कार जैसी चीजों के लिए बेहद जरूरी होता है। इसके बदले अमेरिका, चीनी छात्रों को अपने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ाई करने की इजाजत देगा। ट्रम्प ने यह भी कहा कि नई डील से टैरिफ यानी आयात शुल्क को लेकर अमेरिका को 55% लाभ मिल रहा है, जबकि चीन को सिर्फ 10% फायदा पहुंचेगा। हालांकि यह साफ नहीं है कि इस टैरिफ व्यवस्था का पूरा मतलब क्या है और यह कैसे काम करेगी। ट्रम्प के समझौते पर मुहर लगाने के बाद अब इस समझौते को अंतिम रूप देने के लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मंजूरी का इंतजार है। इससे पहले अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने कहा था कि दोनों देश जिनेवा में पहले हुए समझौते और नेताओं की आपसी बातचीत को अमल में लाने के लिए तैयार हो गए हैं। चीन के व्यापार मामलों के वरिष्ठ अधिकारी ली चेंगगांग ने भी यही बात दोहराई। दरअसल, हाल ही में दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच फोन पर बातचीत हुई थी, जिससे दोनों के बीच चल रहा तनाव थोड़ा कम हुआ। इससे पहले दोनों एक-दूसरे पर व्यापार समझौते के नियम तोड़ने का आरोप लगा रहे थे। इसी साल मई में स्विट्जरलैंड में हुई एक बैठक में यह तय हुआ था कि अप्रैल में जोड़े गए नए टैरिफ को 90 दिनों के लिए रोका जाएगा और कुछ पुराने फैसले भी वापस लिए जाएंगे। लुटनिक ने मंगलवार को कहा कि इस सहमति से रेयर अर्थ मिनरल्स और मैग्नेट्स से जुड़ी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। उन्होंने बताया कि यह फ्रेमवर्क पिछले महीने जिनेवा में हुए समझौते को मजबूती देता है। लुटनिक ने बताया- इस समझौते में कुछ अमेरिकी एक्सपोर्ट रिस्ट्रिक्शन को हटाने की भी बात हुई। उन्होंने कहा, हम इस फ्रेमवर्क को राष्ट्रपति ट्रम्प के पास ले जाएंगे और उनकी मंजूरी के बाद इसे लागू करेंगे। दूसरी ओर, चीन इसे राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सामने रखेगा। इससे पहले अमेरिका और चीन के बीच 11 मई को जिनेवा में ट्रेड डील पर सहमति बनी थी। दोनों देशों ने टैरिफ में 115% कटौती का ऐलान किया था। जिनेवा में दोनों देशों के बीच हुए समझौते के मुताबिक अमेरिका, चीनी सामानों पर 30% टैरिफ लगाएगा। वहीं चीन, अमेरिकी सामानों पर 10% टैरिफ लगाएगा। दोनों देशों के बीच टैरिफ में यह कटौती फिलहाल 90 दिनों के लिए हुई। व्हाइट हाउस ने 11 मई को एक बयान में चीन से व्यापार समझौते की घोषणा की थी। हालांकि व्हाइट हाउस ने तब इसकी डिटेल नहीं दी थी। अमेरिकी अधिकारियों ने इसे व्यापार घाटा कम करने के लिए एक डील बताया था, जबकि चीनी अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच अहम सहमति बनी है और नए सिरे से आर्थिक बातचीत शुरू करने पर सहमति हुई है। पिछले महीने ट्रम्प ने चीनी सामानों पर 145% टैरिफ लगा दिए थे, जिसके बदले में चीन ने भी अमेरिकी सामान पर 125% तक का टैरिफ लगा दिया था। जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सालाना 600 अरब डॉलर का व्यापार लगभग रुक गया था।

# चीन के बाद ताइवान ने भारतीय नेवी को शुक्रिया कहा

## अरब सागर में जलते जहाज से 18 क्रू मेंबर को रेस्क्यू किया था



एजेंसी

ताइवान, ताइवान सरकार ने सिंगापुर के कंटेनर जहाज हुए हादसे के बाद मदद करने के लिए इंडियन नेवी और कोस्टल गार्ड का आभार जताया है। दरअसल, अरब सागर में केरल के कोच्चि के पास लगभग 44 नॉटिकल मील दूर एक कंटेनर जहाज एमवी वान हाई 503 में 9 जून को विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई थी। आग तेजी से फैली जिसके बाद जहाज में और भी कई विस्फोट हुए, जिससे यह डूबने की कगार पर पहुंच गया था। ये जहाज श्रीलंका के कोलंबो से मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह की ओर जा रहा था। 10 जून को वहां पहुंचने वाला था। इस जहाज में जहाज में लगभग 650 कंटेनर थे जिनमें 2000 टन तेल और 240 टन डीजल था। भारतीय नौसेना को शिप के हादसे की जानकारी 9 जून को सुबह 9:30 बजे मिली। इसके रेस्क्यू ऑपरेशन में लगभग 7 घंटे का समय लगा। खराब मौसम के कारण इसके रेस्क्यू में काफी दिक्कतें आईं। इससे पहले चीन ने भी सोशल मीडिया एक्स पर भारतीय नेवी और मुंबई कोस्टल गार्ड को धन्यवाद दिया था। चीन की राजदूत यू जिंग ने कहा, हम भारतीय नौसेना की तेजी और बहादुरी की सराहना करते हैं। उनके प्रयासों से 18 लोगों की जान बची। हम घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करते हैं। जहाज पर 22 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिनमें 8 चीनी, 6 ताइवानी, 5 म्यांमार और 3 इंडोनेशियाई नागरिक शामिल थे। विस्फोट के बाद आग तेजी से फैल गई, जिसके कारण चालक दल को जहाज छोड़ना पड़ा। भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल ने तुरंत कार्रवाई की और 18 लोगों को सुरक्षित बचा लिया, जिनमें और पांच लोग घायल हैं। जबकि 4 लोग अब भी लापता है। भारतीय नेवी उनकी तलाश के लिए खोज अभियान चला रहे हैं। एक्स पर एक पोस्ट में भारतीय कोस्टल गार्ड ने बताया था कि आईसीजी विमान ने पहले घटनास्थल का आकलन किया।

उसके बाद बचाव के लिए आईसीजी के 04 जहाजों को रेस्क्यू के लिए भेजा गया था। लगातार आग लगने से जहाज के टूटकर समुद्र में डूब जाने का खतरा था। इसे जहाज में 2000 टन तेल था। अगर जहाज डूब जाता तो तेल का रिसाव हो सकता था। इसके अलावा कुछ कंटेनर में खतरनाक केमिकल होने के कारण सुरक्षा से जुड़ी चिंता भी थी।

# यूएस एयरपोर्ट पर पकड़े गए भारतीय का वीजा अवैध था

## इलाज के बाद भारत भेजा जाएगा; अमेरिका ने कहा था- अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं



एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, न्यूयॉर्क में इंडियन कॉन्सुलेट ने बुधवार को पुष्टि की है कि न्यू जर्सी के न्यूअर्क एयरपोर्ट पर हरियाणा के जिस भारतीय छात्र को हिरासत में लिया गया था, उसके पास वैध वीजा नहीं था। न्यूज एजेंसी मुताबिक इस छात्र को अमेरिकी कोर्ट के आदेश के तहत भारत वापस भेजा जाएगा। पहले खबर आई थी कि छात्र को भारत भेज दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक छात्र के व्यवहार को एयरपोर्ट ट्रांजिट के दौरान सफर के लिए ठीक नहीं माना गया, इस वजह से उसे हिरासत में लेकर मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए भर्ती किया गया। इस घटना का वीडियो दो दिन पहले वायरल हुआ था, जिसमें एयरपोर्ट पर दो लोगों एक भारतीय को जमीन पर पटककर दबोचे हुए थे और उसके हाथ में हथकड़ी लगाकर रखी थी। भारत सरकार ने इस मुद्दे को नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के सामने औपचारिक तौर पर उठाया था। इसके अलावा, वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास और न्यूयॉर्क में इंडियन कॉन्सुलेट ने भी अमेरिकी अधिकारियों से इस मामले की पूरी जानकारी मांगी थी। भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने मंगलवार को इस मुद्दे पर बयान जारी किया था। दूतावास ने कहा था कि अमेरिका में अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमेरिकी दूतावास ने एक्स पर लिखा- अमेरिका अपने देश में वैध यात्रियों का स्वागत करता है। हम अवैध एंट्री, वीजा का दुरुपयोग या अमेरिकी कानून के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करेंगे। न्यूयॉर्क में इंडियन कॉन्सुलेट ने एक पोस्ट में कहा था- हमें सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट मिली हैं, जिनमें दावा किया गया है कि न्यूअर्क लिबर्टी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक भारतीय नागरिक को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हम इस मामले को लेकर लोकल अधिकारियों के संपर्क में हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन कुणाल जैन ने रविवार को इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। जैन ने एक्स पर लिखा- मैंने न्यूअर्क एयरपोर्ट पर एक युवा भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर, रोते हुए, अपराधी की तरह ट्रीट होते देखा। जैन ने बताया कि छात्र हरियाणवी में कह रहा था, 'मैं पागल नहीं हूं, ये लोग मुझे पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं।' वीडियो में एयरपोर्ट अधिकारियों ने छात्र को जमीन पर पटका और उसे हथकड़ी लगाई। इसके बाद उसे भारत डिपोर्ट कर दिया गया। अभी तक यह साफ नहीं है कि छात्र को किस वजह से डिपोर्ट किया गया। कुनाल जैन ने कहा था, बच्चे वीजा लेकर सुबह फ्लाइट से आते हैं। किसी कारण से इमिग्रेशन अथॉरिटीज को अपने आने का कारण समझा नहीं पाते और शाम की फ्लाइट से हाथ-पैर बांधकर, मुजरिमों की तरह भेज दिए जाते हैं। हर दिन 3-4 ऐसे मामले हो रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ऐसे केस ज्यादा बढ़ गए हैं। जैन ने भारतीय दूतावास, अमेरिका और भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की। उन्होंने लिखा था, पता लगाना चाहिए कि इस छात्र का क्या हो रहा है।

# अमेरिका में यहूदियों का कत्लेआम करना चाहता था पाकिस्तानी नागरिक

## हमास स्टाइल में हमले की प्लानिंग थी; कनाडा से यूएस डिपोर्ट किया गया



एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, पाकिस्तान के एक नागरिक को ब्रुकलिन के यहूदी सेंटर पर गोलाबारी की साजिश रचने के आरोप में कनाडा से अमेरिका डिपोर्ट किया गया। मोहम्मद शाहजेब खान नाम के इस पाकिस्तानी की प्लानिंग 7 और 11 अक्टूबर को हमास स्टाइल में हमला करने की थी। इसके साथ ही वह कनाडा में शरणार्थी का दर्जा भी चाहता था। बता दें कि 2 साल पहले 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजराइल पर हमला करके 1200 लोगों का कत्ल कर दिया था। अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट के मुताबिक, खान को पिछले साल अमेरिका-कनाडा बॉर्डर के पास से गिरफ्तार किया गया था और उसे इस हफ्ते न्यूयॉर्क लाया गया। खान ने यहूदी सेंटर पर एआर-स्टाइल राइफल और चाकुओं से हमला करने की प्लानिंग की थी। उसने अमेरिका के दो अंडरकवर एजेंटों को बताया कि वो ज्यादा से ज्यादा यहूदियों का कत्ल करना चाहता है। सरकारी वकीलों ने कोर्ट को बताया कि खान ने अपनी इस प्लानिंग के बारे में अंडर कवर एजेंट्स को बताया था। उसने ब्रुकलिन के उस यहूदी धार्मिक सेंटर की तस्वीरें भी शेयर की थी, जहां वो हमला करना चाहता था। आरोपी की प्लानिंग 9/11 के बाद अमेरिकी धरती पर सबसे बड़ा आतंकी हमले करने की थी। अमेरिकी अटॉर्नी जे क्लेटन ने कहा- आरोपी ने न्यूयॉर्क शहर के एक यहूदी सेंटर पर घातक आतंकी हमला करने की प्लानिंग की। वह ऑटोमैटिक हथियारों से हमारी यहूदी आबादी को ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचाना चाहता था। खान को 2024 में कनाडा के ओर्म्सटाउन में, अमेरिकी बॉर्डर से सिर्फ 19 किमी दूर, एक मानव तस्कर की मदद से पकड़ा गया। खान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके आतंकी संगठन आईएसआईएस के समर्थन में हमले करने की इच्छा जताई थी।

# सीजेआई गवई बोले- न्यायिक आतंकवाद से बचें

### कोर्ट को नहीं लांघनी चाहिए अपनी सीमाएं; भारतीय संविधान दबे-कुचलों को ऊपर उठाने का काम करता है



**सीजेआई ने कहा कि देश में ज्यूडिशियल एक्टिविज्म की भूमिका बनी रहेगी, लेकिन इसे इतना नहीं बढ़ाना चाहिए कि यह न्यायिक आतंकवाद का रूप ले ले। न्यायिक सक्रियता जरूरी है, लेकिन यह इस हद तक नहीं होनी चाहिए कि यह न्यायिक आतंकवाद का रूप ले ले। कई बार ऐसा होता है कि न्यायपालिका ऐसे क्षेत्रों में घुस जाती है, जहां उसे नहीं जाना चाहिए।**

एजेंसी

भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने कहा कि भारत का संविधान सिर्फ अधिकार नहीं देता, बल्कि समाज के पिछड़े और दबे-कुचले वर्गों को ऊपर उठाने का काम भी करता है। उन्होंने यह बात ऑक्सफोर्ड यूनियन में एक प्रोग्राम के दौरान कही। सीजेआई ने कहा कि देश में ज्यूडिशियल एक्टिविज्म की भूमिका बनी रहेगी, लेकिन इसे इतना नहीं बढ़ाना चाहिए कि यह न्यायिक आतंकवाद का रूप ले ले। न्यायिक सक्रियता जरूरी है, लेकिन यह इस हद तक नहीं होनी चाहिए कि यह न्यायिक आतंकवाद का रूप ले ले। कई बार ऐसा होता है कि न्यायपालिका ऐसे क्षेत्रों में घुस जाती है, जहां उसे नहीं जाना चाहिए।

1. न्यायपालिका को मयार्दा में रहकर हस्तक्षेप करना चाहिए सीजेआई गवई ने कहा कि जब विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में असफल रहती हैं, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है। लेकिन इस हस्तक्षेप की सीमा और मयार्दा होनी चाहिए।

2. भारत में कई दशक तक छुआछूत रहा भारत में कई दशक पहले लाखों नागरिकों को अछूत कहा जाता था। उन्हें अशुद्ध बताया जाता था। कहा जाता था कि वे इस जाति के नहीं हैं। उन्हें बताया जाता था कि वे अपनी बात खुद नहीं कह सकते। लेकिन आज हम यहां हैं, जहां उन्हीं लोगों से संबंधित एक व्यक्ति देश की न्यायपालिका के सर्वोच्च पद पर आसीन होकर खुलकर बोल रहा है। सीजेआईगवई बोले- जज जमीनी हकीकत नजरअंदाज नहीं कर सकतेसीजेआई बीआर गवई ने 17 मई को कहा कि जज जमीनी हकीकत को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। वे बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान उखक गवई ने सामाजिक वास्तविकताओं को समझने और उनका जवाब देने में जजों की भूमिका पर जोर दिया। सीजेआई गवई ने कहा कि आज की न्यायपालिका मानवीय अनुभवों की जटिलताओं को नजरअंदाज करते हुए कानूनी मामलों को सख्त काले और सफेद शब्दों में देखने का जोखिम नहीं उठा सकती।

# हम अलग कब थे ...सचिन पायलट को गद्दार– निकम्मा कह चुके अशोक गहलोत के बदले सुर

**पायलट के पिता दिवंगत कांग्रेस नेता राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर आयोजित एक समारोह में गहलोत ने कहा हम कब अलग हुए हैं? हम हमेशा साथ रहते हैं और बहुत प्यार करते हैं। यह केवल मीडिया ही कहता है कि हमारे बीच दूरियां हैं।**



एजेंसी

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने को दावा किया कि वह अपने सहयोगी और कांग्रेस नेता सचिन पायलट से कभी दूर नहीं थे। आपको बता दें कि पायलट ने जुलाई 2020 में गहलोत सरकार के खिलाफ विद्रोह का झंडा उठाया था। पायलट और 18 कांग्रेस विधायकों के गहलोत के खिलाफ विद्रोह ने एक महीने तक चलने वाले संकट को जन्म दिया। यह संकट तब सुलझ गया जब कांग्रेस नेतृत्व ने पायलट को उपमुख्यमंत्री और राज्य पार्टी प्रमुख के पद से हटा दिया। पायलट के पिता दिवंगत कांग्रेस नेता राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर आयोजित एक समारोह में गहलोत ने कहा हम कब अलग हुए हैं? हम हमेशा साथ रहते हैं और बहुत प्यार करते हैं। यह केवल मीडिया ही कहता है कि हमारे बीच दूरियां हैं। सचिन पायलट ने शनिवार को गहलोत से उनके जयपुर स्थित आवास पर मुलाकात की और उन्हें समारोह में आमंत्रित किया। दो घंटे तक चली यह मुलाकात 2020 के विद्रोह के बाद उनकी पहली ऐसी मुलाकात थी, जो कांग्रेस के दो शीर्ष नेताओं के बीच सुलह का संकेत देती है। बुधवार को दिवंगत राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर पांच साल में पहली बार गहलोत और पायलट ने मंच साझा किया। समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, विपक्ष के नेता टीकाराम जूली, पार्टी प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, सांसद हरीश चौधरी और मुरारी लाल मीना समेत कई नेता शामिल हुए। गहलोत ने कहा कि राजेश पायलट उन्हें बहुत जल्दी छोड़कर चले गए और उनके जाने का दर्द हमेशा बना रहेगा। हमें उनका प्यार आज भी याद है। हम उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। हम 18 साल तक संसद सदस्य के तौर पर साथ रहे। सचिन पायलट के करीबी माने जाने वाले कांग्रेस नेता वेद प्रकाश सोलंकी ने बुधवार को राजस्थान और पार्टी के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। ₹सालों से बंटे हुए कई पार्टी कार्यकर्ता सचिन पायलट और अशोक गहलोत की इस मुलाकात के बाद एकजुट होकर मुस्कुराए। हम हमेशा पायलट के साथ खड़े रहे...कांग्रेस के सभी सच्चे कार्यकर्ता दौसा में थे और उन्होंने दोनों नेताओं को एक साथ देखने के लिए आने का निमंत्रण स्वीकार किया। वे सभी कांग्रेस को फिर से एकजुट होते देखने आए थे।

# पोरबंदर के रामदेवपीर मंदिर में 50 फीट ऊंचा मंडप गिरा

### एक श्रद्धालु की मौत, 16 घायल; मेला ग्राउंड में हो रहे महोत्सव में हुआ हादसा



एजेंसी

पोरबंदर , गुजरात के पोरबंदर में बुधवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां चौपाटी मेला ग्राउंड में रामदेवपीर मंडप महोत्सव में 50 फीट ऊंचा मंडप भीड़ पर गिर गया। इस हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि 16 श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों को पोरबंदर के सिविल हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है।

### रामदेवपीर मंडप महोत्सव का था आयोजन

पोरबंदर के चौपाटी मेला ग्राउंड में रामदेवपीर के मंडप निर्माण का आयोजन किया गया था। इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु जमा हुए थे। सुबह करीब 10 बजे शुभ मुहुर्त में 50 फीट ऊंचे मंडप को सजाया जा रहा था। इसी दौरान मंडप भीड़ पर गिर गया। हादसे के बाद ग्राउंड में भगदड़ मच गई। मंडप की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी मौत हो गई। हालांकि, अन्य 16 को मामुली चोटें आई हैं। सरकारी अस्पताल में गार्ड था मृतक इस हादसे में वनराजभाई नवघनभाई गोरानिया नाम के बुजुर्ग की सिर में चोट लगने से मौत हो गई। वनराजभाई गोरानिया एक सरकारी अस्पताल में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते थे। वे नाइट ड्यूटी कर सुबह मंडप देखने मेला ग्राउंड पहुंचे थे।

# 7 दिन में देश का टेंपरेचर 8–13डिग्री बढ़ा

## मध्य प्रदेश–राजस्थान समेत 6 राज्यों में लू का अलर्ट; बठिंडा 47.6डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म

**आईएमडी ने कहा कि दिल्ली–एनसीआर में कई स्थानों पर लू चलने की संभावना है। तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। दिल्ली के सफदरजंग सबस्टेशन में अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।**



एजेंसी

नई दिल्ली , देशभर में भीषण गर्मी का दौर जारी है। पिछले सात दिन में देशभर के तापमान में 8 से 13 डिग्री सेल्सियस तक का इजाफा हुआ है। मंगलवार को पंजाब का बठिंडा 47.6डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। वहीं, हरियाणा के सिरसा में मंगलवार को पारा 46.2 डिग्री दर्ज किया गया। राजस्थान में भी गर्मी और हीटवेव का तेज असर जारी है। मंगलवार को राजस्थान के 3 शहरों का तापमान 46 डिग्री या उससे ज्यादा दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर में 47.4डिग्री, कोटा में 46.3डिग्री और बीकानेर में पारा 46 डिग्री दर्ज किया गया। देश के उत्तरी राज्यों- राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश में दो दिन लू का अलर्ट है। दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम तापमान 43.8डिग्री दर्ज किया गया, लेकिन गर्मी 47डिग्री जैसी महसूस की गई। बुधवार को दिल्ली का तापमान 45डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है। इधर, केरल में फिर से तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। केरल के उत्तरी जिलों में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, 13 जून को 4 और 14 जून को 9 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। ग्वालियर समेत 15 जिलों में लू का अलर्ट:एमपीटढ में 2 दिन तक तेज गर्मी; 28 शहरों में पारा 40 डिग्री पारमध्यप्रदेश में जून में सूरज के तीखे तेवर हैं। पिछले 3 दिन से नौतपा जैसी गर्मी है। मंगलवार को 28 शहरों में पारा 40 डिग्री के पार रहा, जबकि नौगांव में सबसे ज्यादा 46.1 डिग्री पहुंच गया। नर्मदापुरम, गुना, खजुराहो, टीकमगढ़ और सागर में तापमान 45 डिग्री या इससे अधिक रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 2 दिन लू और तेज गर्मी का अलर्ट है। आईएमडी ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में कई स्थानों पर लू चलने की संभावना है।

## संक्षेप

### बिजली आपूर्ति की समस्या

**27 लाख की आबादी परेशान, किसानों की सिंचाई और छात्रों की पढ़ाई प्रभावित; कांग्रेस ने किया प्रदर्शन**

सुलतानपुर, बिजली की अनियमित आपूर्ति से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ज्येष्ठ मास में किसान धान की रोपाई की तैयारी कर रहे हैं। बारिश न होने के कारण वे सिंचाई के लिए ट्यूबवेल पर निर्भर हैं। बिजली की कमी से सिंचाई कार्य रुक रहा है। गर्मी के मौसम में परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राएं भी परेशान हैं। बिजली विभाग की व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। अधिकारियों की लापरवाही और ठेके पर काम करने वाले कर्मचारियों की कम जिम्मेदारी से स्थिति और खराब हो रही है। इस समस्या को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में एडीएम प्रशासन को मांग पत्र सौंपा गया। कांग्रेस ने सभी सब स्टेशनों की मॉनिटरिंग के लिए डिजिटल चार्ट बनाने की मांग की है। पार्टी ने सभी स्टेशनों पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों का ड्यूटी चार्ट सार्वजनिक करने की मांग की है। ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर की गिनती और अपग्रेडेशन की मांग भी शामिल है। आगामी दो महीनों तक जिले को बिजली कटौती से मुक्त रखने का प्रस्ताव दिया गया है।

### सपा सांसद ने साधा सरकार पर निशाना

**अधिवक्ता महेंद्र मौर्य हत्याकांड में पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल**

सुलतानपुर, जौनपुर के सपा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने कादीपुर निरीक्षण गृह में पहुंचकर अधिवक्ता महेंद्र मौर्य हत्याकांड पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सरकार अपराध नियंत्रण का दावा करती है, लेकिन वास्तविकता अलग है। मरुईकिशुनदासपुर निवासी अधिवक्ता और सपा नेता महेंद्र मौर्य की हत्या इसका प्रमाण है। कुशवाहा ने आरोप लगाया कि पुलिस को पहले से जानकारी थी, फिर भी उचित कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में सपा कार्यकताओं का उत्पीड़न हो रहा है। सांसद ने मृतक महेंद्र मौर्य के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि वे इस मामले को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तक पहुंचाएंगे। साथ ही सदन में भी यह मुद्दा उठाकर सरकार से जवाब मांगेंगे।

### बिसांवा गांव में श्मशान की मांग

**शव दाह के लिए निश्चित स्थान नहीं, जल स्रोत के पास करना पड़ता है अंतिम संस्कार**

सुलतानपुर, तहसील बल्दीराय स्थित ग्राम पंचायत बिसांवा में श्मशानघाट की गंभीर समस्या सामने आई है। गांव में शवदाहगृह नहीं होने से स्थानीय लोगों को अंतिम संस्कार के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में गांव के पूर्वी क्षेत्र में स्थित प्राकृतिक जल स्रोत के पास ही शवों का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। शवयात्रा के लिए कोई निर्धारित मार्ग नहीं होने के कारण आवागमन में भी कठिनाई होती है।

# कचहरी के सामने वकीलों ने की आगजनी

**नगर निगम ने 1000 अस्थायी चैंबर और 1500 दुकानें तोड़ीं; वकील बोले – नगर आयुक्त पर लूट की एफआईआर हो**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, नगर निगम ने आज सुबह कचहरी क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। कचहरी के बाहर करीब एक हजार अस्थायी वकीलों के चैंबर तोड़ दिए।

आसपास की करीब 1500 दुकानें भी तोड़ दीं। इसके विरोध में वकील और दुकानदार सड़क पर उतर आए। वहां जो सामान बिखरे पड़े थे, जैसे टूटी कुर्सियां, बोर्ड आदि में वकीलों ने आग लगा दी।

अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम टीम बुधवार सुबह 5 बजे 6 बुलडोजर लेकर पहुंची। साथ में पुलिस, आरएएफ और पीएसी फोर्स रही।

चार थाने कर्नलगंज, सिविल लाइंस, शिवकुटी, कैंट थानों की फोर्स साथ रही। कचहरी रोड के दोनों साइड



रास्ता बंद कर अतिक्रमण तोड़ा गया। करीब साढ़े चार घंटे लगे, सुबह 9.30 बजे तक कार्रवाई चली। जब खबर पाकर वकील पहुंचने लगे तो कार्रवाई बंद कर टीम चली गई। कचहरी के वकीलों ने हड़ताल की घोषणा कर दी है।

जिला अधिवक्ता संघ की इमरजेंसी बैठक होगी। इसमें आगे की रणनीति तय होगी। प्रदर्शन करने वाले वकीलों ने कहा- नगर आयुक्त से हम लोगों ने मांग की थी कि जब तक हमारे अलग चैंबर की व्यवस्था न हो, चैंबर न तोड़ें।

वकीलों ने कहा- नगर आयुक्त ने हमारी बातें मान ली थी। लेकिन, आज सुबह चोरों की तरह टीम आई। हमारी फाइलें, लाखों के स्टाम्प, तमाम कीमती समान, काफी कैश, लैपटॉप उठा ले गए।

हम मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि नगर आयुक्त और जिलाधिकारी के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज किया जाए। इन दोनों का ट्रांसफर भी किया जाए। हमारे चैंबर बनवाए जाएं।

# मंत्री पासवान ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

**प्रयागराज में महाकुंभ हादसे पर जताया शोक, कहा – शब्द नहीं बोलने को, कांग्रेस और विपक्ष पर हमला**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने प्रयागराज में मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के नए शिखरों को छू रहा है। पासवान ने बताया कि 2014 में पीएम मोदी ने शपथ ग्रहण के समय स्पष्ट किया था कि यह सरकार जाति या धर्म नहीं, बल्कि गरीब, महिला, किसान और युवा की उन्नति पर ध्यान देगी। पिछले 11 वर्षों में सड़क, रेल, शिक्षा, स्वास्थ्य और हवाई अड्डों से लेकर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तक का विकास हुआ है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी से राहुल गांधी तक सभी 'गरीबी हटाओ' का नारा लगाते रहे। लेकिन




मोदी सरकार ने जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और पीएम आवास योजना से गरीबों को सीधे लाभ पहुंचाया है। राहुल गांधी के 'विकसित भारत 2047' वाले बयान पर उन्होंने कटाक्ष किया। कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन है और सिर्फ चर्चा में रहने के लिए बयानबाजी करता है। महाकुंभ हादसे पर मंत्री ने दुख जताते हुए कहा कि यह बेहद दुखद घटना है। दाऊद खां रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की मांग पर उन्होंने कहा कि यह विषय उनके संज्ञान में नहीं है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद विदेश से लौटे सांसद डेलिगेशन की पीएम से मुलाकात न होने पर अकटकट प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि यह परंपरा रही है कि डेलिगेशन पीएम से मिलता है, ओवैसी क्यों नहीं गए, ये वही बता सकते हैं। महाकुंभ हादसे के सवाल पर मंत्री पासवान बचते नजर आए।

# ज्येष्ठ माह के पाँचवें व अंतिम बड़े मंगलवार एवं ज्येष्ठ पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**महंत रिंकू दास व मोहित दास ने अतिथियों का अंगवस्त्र देकर किया स्वागत**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क / कृष्णा सिंह

अयोध्या। ज्येष्ठ माह के पांचवें एवं आखिरी बड़े मंगलवार एवं ज्येष्ठ पूर्णिमा महापर्व पर पुराने पोस्ट ऑफिस के पास प्रमोद वन मोड़ पर हरिद्वारी पट्टी हनुमानगढ़ी के महंत रिंकू दास द्वारा विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। भण्डारे में आए हुए अतिथियों का महंत रिंकू दास एवं मोहित दास ने अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। भण्डारा प्रसाद का शुभारंभ श्री हनुमान जी महाराज एवं श्री राम लला सरकार के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। भंडारा शाम 5:35 बजे से शुरू हुआ जो आधी रात तक चला। सरयू स्नान कर श्रद्धालुओं ने श्री हनुमान जी महाराज एवं श्री राम लला सरकार का दर्शन करने के बाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण



किया। भंडारे में पुड़ी, सब्जी और बूंदी बांटा गया। श्रद्धालुओं के पीने के लिए शीतल जल की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर महंत अरुणेश दास उर्फ अरुण सिंह लश्करी मंदिर रामकोट, कृष्णा सिंह, समाजसेवी टोनी सिंह सूर्यवंशी सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# यूपी के खाद्य विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप

**अधिकारी अकेले जाकर व्यापारियों से करते हैं अवैध वसूली, लाइसेंस के लिए मांगते हैं ज्यादा पैसे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग में व्यापक भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने विभाग को एक मांग पत्र सौंपा है। पत्र में कहा गया है कि सुल्तानपुर में कई कर्मचारी एक ही पद पर वर्षों से तैनात हैं। ये कर्मचारी स्थानीय होने के कारण व्यापारियों के साथ भेदभाव करते हैं। शासनादेश के मुताबिक नमूना लेने के लिए टीम का जाना जरूरी है। लेकिन फूड अधिकारी अकेले जाकर व्यापारियों से अवैध वसूली करते हैं। लाइसेंस के लिए निर्धारित शुल्क 100 रुपये और 2000 रुपये है। इसके बजाय अधिकारी 1500 से 7000 रुपये तक वसूल रहे हैं। नमूने के लिए लिए गए उत्पादों का भुगतान नहीं किया जाता। विभाग फर्जी बिल-




वाउचर लगाकर सरकारी भुगतान लेता है। कई अधिकारी भ्रमण के दौरान परिचय पत्र भी नहीं रखते। व्यापारियों का आरोप है कि अधिकारी उनके साथ असम्मानजनक व्यवहार करते हैं। उनके मोबाइल फोन छीन लेते हैं। किसी भी तरह की रिकॉर्डिंग या सूचना प्रसारण से रोकते हैं। अवैध वसूली के लिए प्राइवेट व्यक्तियों का सहारा लेते हैं।

# सपा के जिला प्रभारी ने की बैठक

- निष्क्रिय पदाधिकारियों की छुट्टी के संकेत; सक्रिय कार्यकताओं को मिलेगा मौका

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, गौरीगंज स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में अमेठी प्रभारी पंधारी यादव ने अध्यक्षता की। उन्होंने आगामी पंचायत और विधानसभा चुनावों की रणनीति पर चर्चा की। बैठक में बूथ स्तर की




सक्रियता और जनसमस्याओं पर आंदोलन की योजना बनाई गई। पंधारी यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाया जाएगा। उनकी जगह मेहनती कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। गांव-गांव तक पहुंचाएं विचारधारा जिला प्रभारी ने स्पष्ट किया कि चुनाव में टिकट केवल सक्रिय और जनप्रिय कार्यकताओं को मिलेगा। कार्यकताओं को जनता से जुड़ने और समाजवादी विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया। जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि संगठन में अब वही आगे बढ़ेगा जो जमीन पर सक्रिय है। समाजवादी पार्टी झूठ और फरेब की राजनीति को हराने के लिए ईमानदारी और संघर्ष के रास्ते पर चल रही है। बैठक में जिलाध्यक्ष राम उदित यादव, महामंत्री अरशद अहमद, प्रवक्ता राजेश मिश्र समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# वन विभाग और लोक भारती का अभियान

**बारिश से पहले होगा वृहद पौधारोपण, जनजागरूकता कार्यक्रम शुरू**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, वन विभाग और लोक भारती संयुक्त रूप से व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाएंगे। इस अभियान की शुरूआत मुसाफिरखाना वन रेंज में जनजागरूकता कार्यक्रम के साथ हुई। 10 जून 2025 को मुसाफिरखाना रेंज में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान वृक्षारोपण के लिए स्थान चयन और पौधों की उपलब्धता पर चर्चा की गई। लोक भारती की ओर से राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेंद्र पाल सिंह, हरियाली अभियान संयोजक प्रेम सागर त्रिपाठी और केंद्रीय टोली सदस्य गोपाल ओझा ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। हरिशंकरी माला अभियान के संयोजक सुरेंद्र नाथ शुक्ला भी मौजूद रहे। वन अधिकारी




रहे मौजूद प्रभागीय वन अधिकारी रणवीर मिश्रा ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के साथ विचार-विमर्श किया और उनका आभार व्यक्त किया। वन विभाग के कर्मचारियों के अलावा कई स्थानीय लोगों ने भी इस कार्यक्रम में भागीदारी की।

# गोकुल में बिजली केबल में लगी आग

**ओवरलोड और गर्मी से जल रही केबल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, महावन तहसील के कस्बा गोकुल में एक विचित्र घटना सामने आई। अत्यधिक लोड और गर्मी के कारण विद्युत केबल में आग लग गई। केबल से निकलती चिंगारियां दीपावली की फुलझड़ियों की तरह दिखाई दे रही थीं। इस घटना के दौरान वहां से गुजर रहे राहगीर और श्रद्धालु घबरा गए। और अफरा तफरी का माहौल बन गया। कई लोगों ने इस दृश्य को अपने मोबाइल में कैद किया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्म हवाओं ने लोगों को घरों में कैद कर दिया है। बिजली की लगातार टिपिंग और कटौती से लोग



बेहद परेशान हैं। गोकुल के स्थानीय निवासी नकुल उपाध्याय ने बताया कि कई दिन से विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते विद्युत खम्बों पर स्पार्किंग हो रही थी। स्पार्किंग की जानकारी लगातार विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को दी जा रही थी लेकिन लापरवाही के चलते कोई भी यहां मरम्मत करने के लिए नहीं आ रहा था। बताया गया की तीन दिन से लगातार स्पार्किंग के चलते खम्बों पर भीषण आग लग रही है। विद्युत कटौती की जा रही है गर्मी में लोगों का हाल बेहाल है, लेकिन विद्युत विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। बीती देर रात एक बड़ा हादसा होने से टल गया जब गोकुल में बीच आबादी में विद्युत खम्बों पर आग लग गई बताया गया कि खम्बों पर लगी आग के कारण एक दुकान भी उसकी चपेट में आने लगी जिसके बाद लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया और विद्युत अधिकारियों को लगातार फोन पर फोन कर सूचना दी करीब 2 घंटे बाद पहुंचे विद्युत अधिकारियों ने लाइन ट्रिप कर की, जिसके बाद आग बुझ सखी।

# पक्षी विहार में कमिश्नर ने चलाया स्वच्छता अभियान

**संगीता सिंह ने अधिकारियों के साथ फावड़े से की शेखा झील की सफाई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़ , थाना अकराबाद क्षेत्र स्थित शेखा झील पक्षी विहार में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कमिश्नर संगीता सिंह ने इस अभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने स्वयं फावड़ा उठाकर सफाई में भाग लिया। जहां जल वहां जीवन वेटलैंड कार्यक्रम के तहत कमिश्नर ने मुख्य विकास अधिकारी प्रखर सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शेखा झील के आसपास का कचरा साफ किया। उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश



दिए। कमिश्नर की सक्रिय भागीदारी से सभी कर्मचारियों का उत्साह बढ़ा। राष्ट्रीय पक्षी विहार शेखा झील हर वर्ष हजारों प्रवासी पक्षियों का आश्रय स्थल है। जलकुंभी और कचरे से झील की जैव विविधता खतरे में है। अभियान का उद्देश्य झील को स्वच्छ रखना और पक्षियों के लिए उपयुक्त वातावरण बनाना था। वन विभाग, सामाजिक वानिकी प्रभाग और स्थानीय प्रशासन के कर्मचारियों ने मिलकर सफाई की। कमिश्नर ने कहा कि जल संरक्षण उनकी प्राथमिकता है। शेखा झील पर्यावरण के साथ सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर भी है। अभियान के अंत में कमिश्नर ने सभी योगदानकताओं को सम्मानित किया। वन विभाग के प्रभागीय निदेशक और क्षेत्रीय वन अधिकारी की विशेष सराहना की गई।

# चिकित्सकीय लापरवाही से महिला की मौत का मामला

**20 दिन बाद भी नहीं आई सीएमओ की जांच रिपोर्ट, डीएम से की बेटे ने शिकायत**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, चिकित्सकीय लापरवाही के कारण एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। मृतका शिव कुमारी को पित्त की पथरी के लिए 13 मई को हनुमंत मैटरनिटी एवं ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। डॉ. मानसी तोमर, डॉ. डीबी सिंह और डॉ. मो. रजा की टीम ने उसी दिन ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद रात भर कोई चिकित्सक मरीज को देखने नहीं आया। अगले दिन सुबह स्टाफ नर्स ने बिना डॉक्टर की उपस्थिति में मरीज को चलने के लिए मजबूर किया। परिजनों के विरोध के बावजूद नर्स ने डॉक्टर के आदेश का हवाला देकर ऐसा किया। इस दौरान मरीज की हालत बिगड़ गई। नर्स द्वारा इंजेक्शन लगाए जाने के बाद भी कोई डॉक्टर नहीं पहुंचा।

# किसान नेत्री के नेतृत्व में महिलाओं का विरोध

**पुलिस की कार्रवाही से नाराज सैकड़ों महिलाएं एसपी कार्यालय पहुंचीं, जमकर नारेबाजी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जामो थाना पुलिस की कार्रवाही से नाराज होकर किसान नेत्री रीता सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं एसपी कार्यालय पहुंचीं। महिलाओं ने पुलिस के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। मामला जामो थाना क्षेत्र के उमराडीह गांव का है। यहां के निवासी संकठा प्रसाद अपनी जमीन पर निर्माण कार्य करवा रहे थे। विपक्षियों ने उनके निर्माण को गिरा दिया। संकठा ने इसकी शिकायत थाने में की।



लेकिन पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई करने के बजाय संकठा का ही कई बार शांति भंग में चालान कर दिया। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही महिला थाना समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को कार्यालय के गेट पर ही रोक लिया। महिला किसान नेत्री ने एसपी को शिकायत पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर कई बार प्रदर्शन किया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० - A - 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित । संपादक – अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी